रोहतक

गुरुवार, 7 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 188
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 23.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,543.99 | 166.26 ▼ |
| निफ्टी | 24,574.20 | 75.35 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 99,020/- | 200/- ▲ |
| चांदी | 1,12,500/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| रुपया | 87.73 | 15 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 68.73 बैरल | 1.61% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

ट्रंप की टैरिफ धमकी के बीच अहम दौरा

# गलवान झड़प के बाद पीएम मोदी पहली बार चीन जाएंगे

**एससीओ सम्मेलन में भाग लेंगे, 31 अगस्त और एक सितंबर को हो सकती है यात्रा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस माह के अंत में जापान और चीन के दौरे पर जाएंगे। पीएम 30 अगस्त को जापान के दौरे पर जाएंगे, जहां वह भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी चीन के तियानजिन शहर रवाना होंगे, जहां 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेंगे। यह 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच पीएम मोदी की चीन यात्रा को काफी अहम माना जा रहा है। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे।



**टैरिफ से चीन भी प्रभावित**

भारत, अमेरिका व यूरोपियन यूनियन जैसे पश्चिमी देशों को सीधा जवाब दे रहा है। साथ ही, वह अमेरिका के विरोधी देशों, चीन और रूस के साथ अपनी दोस्ती बढ़ा रहा है। इसका मतलब है कि भारत अब किसी एक खेमे में बंधा हुआ नहीं है।बता दें कि चीन को भी अमेरिका विरोधी माना जाता है। मोदी यहां चीनी राष्ट्रपति के द्विपक्षीय बैठक भी कर सकते हैं।



# पीएम मोदी ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया, जो 10 साझा केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है। इस परियोजना का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक ही परिसर में लाना है। साझा केंद्रीय सचिवालय भवनों में से कर्तव्य भवन-03 पहली इमारत है, जिसका आज प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया। इस इमारत में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दफ्तर और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय होगा। कर्तव्य भवन-03 का क्षेत्रफल 1.5 लाख वर्ग मीटर है और बेसमेंट क्षेत्रफल 40,000 वर्ग मीटर है। पार्किंग में 600 कारें खड़ी हो सकती हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने बताया कि कर्तव्य भवन-03 में एक शिशु गृह, एक योग कक्ष, एक चिकित्सा कक्ष, एक कैफै, एक रसोईघर और एक बहुउद्देशीय हॉल है। इसमें 24 मुख्य सम्मेलन कक्ष हैं, जिनमें से प्रत्येक में 45 लोगों के बैठने की क्षमता है।

इसमें गृह विदेश समेत 7 मंत्रालयों के कार्यालय

**24 कॉन्फ्रेंस रूम बनाए, 600 कार पार्किंग सुविधा**

यह बिल्डिंग सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा

पहाड़ों पर लगातार बढ़ रहे हादसे, जन-जीवन प्रभावित

# अब हिमाचल में बाढ़ से 2 की मौत, 1196 को बचाया

**जल प्रलय : उत्तराखंड के पौड़ी में बादल फटने से महिला की मौत**

**किन्नौर/देहरादून (एजेंसी)।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किन्नौर में सालाना होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की बाढ़ में बहने से मौत हो गई। अचानक आई बाढ़ से यात्रा रूट पर दो पुल भी बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम ने जिपलाइन की मदद से 1196 तीर्थयात्रियों को बचाया है। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सड़कों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं।



**धराली में अब तक 5 की मौत**

उत्तराखंड में धराली के बाद पौड़ी में बादल फट गया। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है। धराली गांव में बादल फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। अब तक 190 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। यहां केरल के 28 पर्यटक भी लापता है।

ट्रंप ने थोपा 50% टैरिफ ▶▶ भारत का कड़ा जवाब

# यह अन्यायपूर्ण, हम अपने हितों के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे

## 27 अगस्त से लागू होगा अमेरिका का फैसला, कई क्षेत्रों पर होगा बुरा असर

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने ऐलान कर दिया। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला टैरिफ अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25% शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50% हो जाएगा। आदेश में कहा है, 'मूल्य के अनुरूप लगाया गया शुल्क... ऐसे आयातों पर लागू किसी भी अन्य शुल्क, फीस, कर, वसूली और प्रभार के अतिरिक्त होगा।' प्रारंभिक शुल्क 7 अगस्त से प्रभावी होगा, जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद 27 अगस्त से लागू होगा।



## रूस से तेल आयात बाजार के कारकों पर आधारित, राष्ट्रहित प्राथमिकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले पर विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने ऐसे वक्त में यह फैसला लिया, जब कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में इसी तरह की कार्रवाई कर रहे हैं। भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। हाल के दिनों में अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है।



**मुझे जानकारी नहीं, हम रूस से क्या खरीद रहे : ट्रंप**

ट्रंप ने कहा कि उन्हें रूस से यूरेनियम, उर्वरक और रसायनों के अमेरिकी आयात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे इसकी जांच करनी होगी, लेकिन हम इस पर जवाब देंगे।' ट्रंप ने इन सामान को अमेरिका द्वारा आयात किए जाने संबंधी भारत के बयान पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। एक दिन पहले भारत ने कहा था कि अमेरिका रूस के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार कर रहा है, उससे यूरेनियम, उर्वरक और अन्य कई प्रकार के रासायन खरीद रहा है।

## प्रदेश में अब ग्रुप-सी पदों की शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रुप-सी पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 करने संबंधी 21 जुलाई, 2023 के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस सम्बन्ध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों-निगमों के मुख्य प्रशासकों व प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उप-मंडल अधिकारियों (नागरिक) और विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 21 अप्रैल, 2023 और 21 जुलाई 2023 को जारी निर्देशों के तहत ग्रुप-सी पदों के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक से बढ़ाकर 10+2 की गई थी। इसके लिए विभागों को संबंधित प्रशासनिक सचिव की स्वीकृति मिल चुकी है।

सरकार ने विभागों को दी सेवा नियमों में संशोधन की हिदायत

**हरियाणा के मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश**

## सीबीएसई : बोर्ड परीक्षा के लिए 75% उपस्थिति जरूरी


**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए 75% उपस्थिति की अनिवार्यता का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। सीबीएसई परीक्षा उपनियमों के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। बोर्ड केवल चिकित्सा आपात स्थिति, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसी आपात स्थितियों में आवश्यक दस्तावेजों या रिकॉर्ड के साथ, 25 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं को दो दिन फ्री बस सेवा मिलेगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** परिवहन मंत्री अनिल विज ने बुधवार को कहा कि रक्षाबंधन के त्योहार पर हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इस संबंध में प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के दिन सभी आयु वर्ग की महिलाओं को उनके बच्चों (15 वर्ष तक की आयु) के साथ राज्य सहित चंडीगढ़ व दिल्ली तक चलने वाली हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं और बच्चों के लिए दिनांक 8 अगस्त, 2025 को दोपहर 12 बजे से दिनांक 9 अगस्त, 2025 की मध्य रात्रि 12 बजे तक निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी।

परिवहन मंत्री अनिल विज ने किया ऐलान

**यह सुविधा 8 से 9 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी**




हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : अगस्त
दिनांक : 7 अगस्त 2025


## ई-टिकट लेने वाले रेल यात्री 45 पैसे में करवाएं यात्रा बीमा

**नई दिल्ली (भाषा)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यात्री ई-टिकट खरीदते समय सभी करों सहित 45 पैसे का प्रीमियम देकर वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। लोकसभा में रेल यात्रा बीमा से संबंधित प्रश्नों के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा कि सभी यात्री ऑनलाइन या आरक्षण काउंटरों से टिकट बुक कर सकते हैं; हालांकि, वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना (ओटीआईएस) केवल उन कन्फर्म/आरएसी यात्रियों के लिए उपलब्ध है।

## व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** व्हाट्सएप ने नया सेफ्टी ओवरव्यू फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा, जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल से उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव मिलेंगे। उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी म्यूट रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है।

**उपयोगकर्ता ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, ग्रुप को 'म्यूट' रखा जाएगा**

## अभिभावक की यौन हिंसा कर रही पारिवारिक विश्वास खत्म

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के दोषी पिता की सजा बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि किसी अभिभावक द्वारा की गई यौन हिंसा पारिवारिक विश्वास की बुनियाद को नष्ट कर देती है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार व न्यायमूर्ति संदीप कुमार की पीठ ने कहा कि महिलाओं की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उसने न्याय तंत्र को निर्देश दिया कि वह गलत सहानुभूति या प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के नाम पर इस गरिमा के उल्लंघन की अनुमति न दे। चार अगस्त को पारित फैसले में पीठ ने कहा कि न्याय केवल दोषसिद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें क्षतिपूर्ति भी शामिल होनी चाहिए। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के रूप में 10.50 लाख देने को कहा।

**बेटी से रेप करने वाले की सजा बरकरार**

**सख्ती** दिल्ली हाईकोर्ट में हो सुनवाई, नवंबर तक जवाब दायर करे सरकार

*सीडीएस परीक्षा में महिलाओं से सिर्फ ओटीए से मांगे आवेदन 3 अकादियों से बाहर*

# महिला अधिकारियों को सेना में स्थायी नौकरी क्यों नहीं, केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए सैन्य अकादमी (आईएमए), नौसेना अकादमी (आईएनए) व वायुसेना अकादमी (एएफए) में शामिल न करने को लेकर केंद्र से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा, महिला अफसरों को सेना में स्थायी परमानेंट नौकरी नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है और केंद्र सरकार को इसका जवाब देना होगा। अगली सुनवाई नवंबर में होगी। तब तक केंद्र सरकार जवाब दायर करे। याचिका वकील कुश कालरा ने दायर की है। उन्होंने कहा कि 28 मई 2025 को यूपीएससी ने सीडीएस-II परीक्षा का विज्ञापन निकाला, जिसमें महिलाओं को सिर्फ ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई) में आवेदन की अनुमति दी गई है, जबकि बाकी तीन अकादमियों में सिर्फ पुरुषों को ही शामिल किया गया है। आईएमए, एएफए और आईएनए से पास होने वाले अफसरों को स्थायी नौकरी यानी परमानेंट कमीशन मिलता है। वहीं, ओटीए से निकलने वाले अफसरों को केवल शॉर्ट सर्विस कमीशन मिलता है, जो 10 साल की नौकरी होती है और जरूरत पड़ने पर 4 साल और बढ़ाई जा सकती है।

**याचिका में यह**

महिलाओं को सीडीएस के जरिए आईएमए, एएफए और आईएन में एंट्री न देना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 16 (सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर), और अनुच्छेद 19(1)(जी) (पसंद का पेशा चुनने का अधिकार) का उल्लंघन है।

## सुप्रीम कोर्ट ने भी शुरू की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) की उन महिला सैन्य अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई शुरू कर दी, जिन्होंने दावा किया है कि भेदभाव के कारण उन्हें स्थायी कमीशन नहीं दिया जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि थलसेना की अधिकारियों के बैच की याचिका के बाद, वह नौसेना की अधिकारियों और फिर वायुसेना की अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन नहीं दिए जाने को चुनौती दी है।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में होगा ऐतिहासिक कार्यक्रम : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर 25 नवंबर को जिला कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों की संख्या में संगत भाग लेगी। यह कार्यक्रम न केवल गुरुओं को नमन करने का अवसर होगा, बल्कि यह श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, धर्म रक्षा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा।

आयोजन को ऐतिहासिक और गरिमामय बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया है, जिसमें सिख समुदाय, संत समाज और विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को पंचकूला में इस कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

### मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कमेटी के साथ समीक्षा बैठक की



### प्रदेश के चारों कोनों से शोभा यात्राएं

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और बलिदान के संदेश को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के चारों कोनों से शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। पहली यात्रा डबवाली से शुरू होकर, रतिया, फतेहाबाद, सिरसा, धमतान साहिब, कैथल होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। दूसरी यात्रा लोहगढ़ से शुरू होगी, जो सढौरा, बिलासपुर, जगाधरी, यमुनानगर, रादौर व लाडवा होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार, तीसरी यात्रा फरीदाबाद से प्रारंभ होकर गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, करनाल से होती हुई कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। चौथी यात्रा कालका से शुरू होकर पिंजौर, पंचकूला, अंबाला, शाहाबाद से होती हुई कुरुक्षेत्र में समापन करेगी।

### डॉक्यूमेंट्री का विमोचन किया

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का विमोचन किया और साथ ही एक फेसबुक पेज भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से हरियाणा व देश-विदेश के नागरिक राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन संबंधी अपने सुझाव और विचार सांझा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### सेममुक्त करने के लिए समन्वय बनाएं : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सेमग्रस्त क्षेत्र को सेममुक्त करने के लिए विभाग परस्पर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने चरखी दादरी जिला में एक खास पायलट प्रोजेक्ट शुरू करके यथाशीघ्र लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। राणा आज यहां विभागीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### प्राइवेट बसों के रूटों का अध्ययन करें : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि संज्ञान में आया है कि प्राइवेट बसों के रूटों का निर्धारण ठीक ढंग से नहीं हुआ है और इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को इन रूटों के समय को लेकर अध्ययन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, नई बसों को खरीदने की प्रक्रिया जारी है।

### 15 एचसीएस बने आईएएस, अब पोस्टिंग के लिए मारामारी

# खास जिलों में लगने के लिए सीएमओ के अफसरों और नेताओं की परिक्रमा करने में लगे आईएएस

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार सूबे में आईएएस अफसरों की शार्टेज दूर करने की कवायद चल रही है। इस क्रम में यूपीएससी की हरी झंडी हो जाने के साथ ही बीती रात 15 एचसीएस (प्रमोशन) मिलने के बाद आईएएस बन चुके हैं। इनमें से अधिकांश ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा की तख्ती भी बाहर लगा ली है।पदोन्नति को लेकर भारी असमंजस और कुछ एचीएस के हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाकर स्टे लाने की अफवाहों को भी खूब पंख लगे हुए थे। पदोन्नति का पड़ाव पार करने वाले इक्का दुक्का अफसरों ने सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस) के अफसरों और भाजपा के सियासी दिग्गजों के यहां पर गणेश परिक्रमा का दौर शुरू कर दिया है। राजधानी से लगते जिले और वरिष्ठ आईएएस वाले पदों पर अभी से लगने की कवायद में जुटे अफसरों को पूरी उम्मीद बनी हुई है, के अपने मिशन में सफल रहेंगे। लगातार तीसरे दिन भी हरियाणा मुख्य सचिवालय में सभी सीनियर अफसरों और मुख्य सचिव से मिलने के लिए पहुंचे हुए थे। लोक सेवा आयोग की ओर से गत दिनों हरियाणा सिविल सेवा के अफसरों की लंबी चौड़ी सूची पर मंथन को लेकर गत माह दिल्ली में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव और दो अन्य अफसर भी गए थे। बैठक में सभी अफसरों के नामों को लेकर घंटों मंथन चला था। जिसके बाद यूपीएससी ने सशर्त स्वीकृति प्रदान की थी, कुछ को आरोपित (चार्जशीट अदालत में लंबित) होने के कारण झटका भी लगा था।

कुल मिलाकर अब हरियाणा में 15 एचसीएस आईएएस अफसर बन चुके हैं। सोमवार को इनमें से अधिकांश हरियाणा मुख्य सचिवालय के चौथे फ्लोर पर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से मिलने पहुंचे हुए थे। इनमें से रसूखदार कई अफसरों की नजर चंद जिलों और अहम मलाईदार पोस्टों पर है। इसके लिए वे पहले से ही जुगत में हैं, यही कारण है कि सीएमओ के अफसरों के यहां परिक्रमा में जुटे हुए हैं।

### आईएएस की संख्या 169 से 184 हो गई

यहां पर याद दिला दें कि 27 एचसीएस अधिकारियों को पदोन्नति के योग्य मानते हुए राज्य सरकार ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग में प्रस्ताव भेजा था। उक्त सूची में से 15 एचसीएस को आईएएस पदोन्नत किया गया है। सरकार को 15 आईएएस अफसरों के मिलने के साथ ही राज्य में आईएएस अफसरों की शार्टेज दूर होगी और आईएएस की संख्या 169 से 184 हो जाएगी। इसके साथ ही हरियाणा में विभिन्न पदों का अनुभव रखने वाले इन अफसरों के अनुभव का फायदा वर्किंग में मिलेगा।

### कुछ अफसरों की सेवानिवृत्ति नजदीक

वैसे,भी कुछ आईएएस अफसरों की सेवानिवृत्ति नजदीक ही है। जो इस साल के अंत अर्थात दिसंबर तक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इन अफसरों की बात करें, तो रिटायर होने वाले अफसरों के बाद एक बार फिर से आईएएस की संख्या घटकर 180 रह जाएगी। गुरुग्राम मंडल आयुक्त पद पर कार्यरत आरसी बिधान दिसंबर में इसी साल, परिवहन विभाग डीजी 2009 बैच आईएएस सुजान सिंह 31 अक्टूबर को रिटायर होंगे। हिसार मंडलायुक्त 2009 के आईएएस अशोक गर्ग 30 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। 2010 बैच के आईएएस रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजेश जोगपाल 30 सितंबर को रिटायर हो जाएंगे।

### पदोन्नति का तोहफा

### एक परिवार के तीन एचसीएस

तीन एचसीएस अफसरों पदोन्नति वाली सूची में इस तरह के भी हैं, जो आईएएस बन गए हैं। इन्हें एक ही परिवार से होने का गौरव प्राप्त है। इसमें सबसे पहला नाम वर्षा खांगवाल हैं, जिनके पति योगेश कुमार के साथ साथ में चचेरा भाई समवर्तक सिंह को भी पदोन्नति का तोहफा मिला है। नौ अन्य एचसीएस को प्रोविजनल पदोन्नति दी गई थी। पदोन्नति केंद्रीय लोक सेवा आयोग द्वारा दी है। जिन नौ एचसीएस अधिकारियों को प्रोविजनल पदोन्नति दी गई थी, उनके विरुद्ध कोर्ट में केस लंबित है। अर्थात सशर्त प्रमोशन होगी यदि कोर्ट का फैसला इन नौ एचसीएस अफसरों के पक्ष में आता है, तो उन्हें पूर्णकालिक आईएएस के तौर पर पदोन्नत कर दिया जाएगा। 18 से तीन एचसीएस अधिकारी आईएएस बनने से रह गए। इनकी पदोन्नति की सूची में अलग से जारी की जा सकती है।

### अदालत से स्टे के आदेशों की अफवाह

15 एचसीएस अफसरों को आईएएस बनाने का आदेश आनन-फानन में जारी किया है। कई दिनों से अदालत से स्टे आने की अफवाहों को पंख लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि एचसीएस अधिकारी द्वारा सूची पर कोर्ट से स्टे लेने की चर्चा पूरे दिन चलती रही। चर्चा तो सही नहीं निकली, लेकिन केंद्र की ओर से पदोन्नति संबंधी आदेश जारी हो गए हैं।

# मुख्यमंत्री सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की भेंट, हरियाणा के विकास पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान हरियाणा के वर्तमान विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और भावी परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य की विकास यात्रा की प्रगति से अवगत करवाया कि केंद्र सरकार की नीतियों एवं सहयोग से हरियाणा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार के रूप में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है और राज्य के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि, उद्योग और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में लाभ प्राप्त हो रहा है। नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रही कुछ प्रमुख योजनाओं व कार्यक्रमों के संदर्भ में जानकारी साझा की तथा राज्य सरकार की भावी प्राथमिकताओं से भी अवगत करवाया।



**सबका साथ, सबका विकास**

सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को केंद्र में रखते हुए कार्य कर रही है।

### ईएसआई अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने का मामला

# बड़ी संख्या में मरीज रेफर करने वाले पानीपत ईएसआई के तीन अन्य डॉक्टरों पर भी गाज

- कुछ महीने पहले पानीपत ईएसआई में तैनात एक महिला चिकित्सक (एमएस) पर की गई थी कार्रवाई, डाक्टर ने ली थी हाई कोर्ट की शरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकारईएसआई अस्पतालों से मरीजों को बिना किसी बड़े कारण के निजी अस्पतालों में रेफर करने वाले डॉक्टरों के विरुद्ध शिकंजा कसने की कवायद शुरू हो गई है। इस क्रम में पानीपत के तीन अन्य डॉक्टरों पर कार्रवाई और चार्जशीट जारी करने के आदेश श्रम विभाग के मंत्री अनिल विज ने कर दिए हैं। उक्त डॉक्टरों के विरुद्ध विजिलेंस ने जांच पड़ताल के बाद में पाया था कि बड़ी संख्या में चुनिंदा अस्पतालों से सांठ गाठ कर मरीजों को रेफर करने का काम करने में जुटे हैं। पूरे मामले में पानीपत से विधायक प्रमोद विज ने मार्च में उक्त पूरा मामला हरियाणा विधानसभा में उठा दिया था। जिसके बाद में सबसे पहले एक महिला चिकित्सक पर गाज गिरी और उसे चार्जशीट कर दिया गया। पूरे मामले में महिला डाक्टर ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में न्याय की गुहार लगाते हुए साफ कर दिया कि वे ही नहीं बल्कि कईं अन्य डॉक्टरों ने उनसे ज्यादा मरीजों को निजी इंपैनल्ड अस्पताल में रेफर किया है। पूरे मामले में हाई कोर्ट के दिशा निर्देशों के बाद में जांच के आदेश दिए गए। जांच पड़ताल के बाद में पाया गया कि बिना किसी बड़े कारण के तीन अन्य डॉक्टरों ने मरीजों को बड़ी संख्या में रेफर किया है। पूरे मामले में जांच पड़ताल की रिपोर्ट और सिफारिश मंत्री अनिल विज के सामने रखी गई, इस दौरान उन्होंने तीनों डॉक्टरों पर कार्रवाई करने की संस्तुति कर फाइल सीएमओ में भेज दिया है। तीनों ही डाक्टर पानीपत ईएसआई से संबंधित हैं।

### विधानसभा में उठाया था मामला

पानीपत और नूंह से मरीजों को बिना किसी बड़े कारण के निजी अस्पताल संचालकों से सांठगांठ कर रेफर करने का मामला विस में इसी साल मार्च माह दूसरे सप्ताह में उठाया गया था। सबसे पहले उक्त मामला विधायक प्रमोद विज पानीपत की ओर से उठाया गया था, जिसमें उन्होंने कई अस्पतालों पर ईएसआई मरीजों के बिल में फर्जीवाड़े करने के आरोप लगाए साथ ही कुछ अस्पतालों से सांठ गांठ कर बिना वजह मरीजों को रेफर करने की बात भी सदन में कही थी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यशपाल पुत्र** स्व0 चंदर सिंह रावत, **निवासी** सिरशमा डेरा, पो. वीर मालखाना, तहसील–पिपली, जिला–कुरुक्षेत्र, हरियाणा, ने **FIR No. 772/2015, U/S 498A IPC, पुलिस स्टेशन पंजाबी बाग, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यशपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यशपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 772/2015, U/S 498A IPC, पुलिस स्टेशन पंजाबी बाग, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **यशपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शिवली तलवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (पश्चिम),**
**(महिला कोर्ट)–01, कमरा नं0–358,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/10422/WD/2025**
**(Court Matter)**

## दि महम सह. चीनी मिल्स लि. महम (रोहतक)

## ई-निविदा सूचना

मूल निर्माताओं/वितरकों/प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित कार्यों/सामग्री के लिए ई–टेंडरिंग द्वारा अपनी दरें जमा करवानी आवश्यक हैं – 1) पैकिंग एवं ज्वाइंटिंग, 2) आरबीसी में डबल ड्राइव सिस्टम के लिए प्लैनेटरी गियर बॉक्स, 3) बियरिंग्स का एआरसी, 4) वेल्डिंग सामग्रियों का एआरसी, 5) स्पेयर्स के साथ एयर कंप्रेसर का एएमसी, 6) ऑफ सीजन और सीजन के दौरान केवल यांत्रिकी कार्य के लिए बी/टी और निरंतर सी/एफ मशीनों का एएमसी, 7) वॉल्वस का एआरसी, 8) पंप्स और पंप स्पेयर्स, 9) एफआरपी पाइप्स, 10) सेंट्रीफ्यूगल मशीन्स स्पेयर्स, 11) सहायक सामग्रियों सहित वैक्यूम फिल्टर्स स्क्रीन का विखण्डन, आपूर्ति और फिटिंग, 12) वाटर कूल्ड क्रिस्टलाइजर के कॉइल्स का विखण्डन, आपूर्ति और फिटिंग, 13) हाई प्रैशर वॉल्वस की मरम्मत, सर्विसिंग और हाइड्रोलिक परीक्षण, 14) जीआई/जीसीसी शीट्स, पर्लिन और गटर्स का विखण्डन और फिटिंग, 15) ऑक्सीजन गैस की खरीद, 16) इंस्ट्रूमेंटेशन स्पेयर्स, 17) ऑनलाइन निरंतर स्टैक उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, 18) बॉयलर आईडी फैंस के लिए पुराने मोटर्स 200 एचपी की खरीद, 19) एस.एस. वायरनेटिंग और ब्रास लाइनर, 20) निक्कल स्क्रीन, 21) जूस हीटर के लिए एस.एस. ट्यूब, 22) औद्योगिक पेंट्स, 23) बॉयलर के लिए सुरक्षा वाल्व, 24) बॉयलिंग हाउस और बॉयलर में विभिन्न जॉब वर्क (चिपिंग, प्राइमर, पेंटिंग और व्हाइट वॉशिंग कार्य इत्यादि)। विस्तृत निविदा प्रपत्र ई–टेंडरिंग पोर्टल – http://etenders.hry.nic.in से उपरोक्त मदों अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा ई–टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 14.08.2025 को 02:00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बोलियाँ 14.08.2025 को अप. 2:15 बजे और वाणिज्यिक बोलियाँ 14.08.2025 को अप. 2:30 बजे खोली जाएँगी और नेगोसिएशन 19.08.2025 को पूर्वा. 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री और जॉब वर्क की खरीद सरकारी नीति के अनुसार की जाएगी। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद–1039/11/92/2026/37382/सी/88/6 दि. 06.08.25 **हस्ता/– प्रबंध निदेशक**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

**SW/JSO/1429**

हमकि संदीप – रिंकू पुत्रान राजबीर पुत्र ईश्वर, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 124 मिन/109, खाता न0 124 मिन, मु0 न0 45, किला न0 21/1/2 (1–3), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 3 मरले (0.14375 एकड़) सालम भाग (जिसमें संदीप – रिंकू हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 1 कनाल 3 मरले (0.14375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/BSO/664**

मनकि पवन कुमार पुत्र कवल सिंह पुत्र पहलाद, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार अराजी खेवट न0 179मिन/161 मिन, खाता न0 186मिन, मु0 न0 15, किला न0 15/2(3–7), मु0 न0 16, किला न0 11/1(0–7), 20/1/1(4–1), किते 3, तादादी रकबा 7 कनाल 15 मरले का 1/3 भाग, बकदर 2 कनाल 11.66 मरले (0.322875 एकड़), वाका रकबा मौजा मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 16, किला न0 20/1/1 मिन उत्तर (2–11.66), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 11.66 मरले (0.322875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/BSO/694+716**

हमकि (1) बिजेन्द्र (2) कृष्ण (3) श्रीऔम (4) रोहतास पुत्रान चन्दन पुत्र सीसराम व (5) कंवर सिंह पुत्र सीसराम पुत्र मीर सिंह व (6) राकेश (7) नरेश कुमार (8) रामनिवास पुत्रान कंवर सिंह पुत्र सीसराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3553 त0म0 के अनुसार अराजी खेवट न0 183मिन/130, खाता न0 189 मिन, मु0 न0 49, किला न0 22/2(3–18), मु0 न0 55, किला न0 2/1(6–19), 3/1(5–13), किते 3, तादादी रकबा 16 कनाल 10 मरले सालम भाग (जिसमें बिजेन्द्र – कृष्ण – श्रीऔम – रोहतास हर चार समभाग) व खेवट न0 199/142, खाता न0 205, मु0 न0 49, किला न0 26(0–16), मु0 न0 55, किला न0 2/2(0–8), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 4 मरले का 2/9 भाग, बकदर 0 कनाल 5.33 मरले (जिसमें बिजेन्द्र – कृष्ण – श्रीऔम – रोहतास हर चार समभाग 1/9 भाग व राकेश – नरेश कुमार – रामनिवास हर तीन समभाग 1/9 भाग) व खेवट न0 546/411 मिन, खाता न0 570, मु0 न0 55, किला न0 3/2/2(0–16), 8/1(0–12), 13/2/1 (7–4), किते 3, तादादी रकबा 8 कनाल 12 मरले सालम भाग (जिसमें कंवर सिंह मालिक व काबिज है) व खेवट न0 561/412, खाता न0 585, मु0 न0 55, किला न0 8/2(7–8), 13/1(0–12), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग (जिसमें राकेश – नरेश कुमार – रामनिवास हर तीन समभाग), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 33 कनाल 7.33 मरले (4.1708125 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 33 कनाल 7.33 मरले (4.1708125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 06.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

## हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

## घोषणा

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 45/2024 | 16.08.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |
| 2. | अंग्रेजी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 48/2024 | 17.08.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |
| 3. | भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 11.08.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 06.08.2025 **हस्ता/– उप सचिव**
संवाद–1156/13/343/2026/37419/88/6 दि. 06.08.25 **हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स की विशेष मरम्मत। | 04.08.2025 11.08.2025 | 51.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) 5 अदद रोड का कार्य (1) आरडी 450 से 1950 तक डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा कि.मी. 0.00 से 1.950 में जम्बा से गीतालपुर रोड पर सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 7415) (2) कि.मी. 0.00 से 3.000 कि.मी. में जम्बा से किरमच रोड (रोड आईडी 7416) पर सीसीबी को पुनः बिछाना और आरडी 0 से 2600, 2700 से 3000 तक डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (3) कंवार खेड़ी ऐप रोड (रोड आईडी 7417) लम्बाई 1.440 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (4) बोरशाम ऐप रोड (रोड आईडी 7418) लम्बाई 1.050 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण, (5) ब्राह्मण माजरा से दबारथाला (रोड आईडी 11099) लम्बाई 2.450 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। | 05.08.2025 14.08.2025 | 489.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में डीजल जनरेटर (डीजी) समेत विद्युत सेवाओं का व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 08.08.2025 25.08.2025 | 1,60,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा | ओल्ड एसआर. टाइप क्वार्टर नं. 03, कैनाल कॉलोनी, बिंझोल, पानीपत में आवधिक मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए आकलन। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 5 | स्वास्थ्य सिविल सर्जन, जीन्द | वुड कैटरिंग सर्विस आइटम्स प्लेट वाइज की सर्विसिंग हेतु ई–निविदा का प्रकाशन। | 04.08.2025 14.08.2025 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जेएजी प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र जगाधरी (रोड आईडी 692, 5200, 707, 735 और 691) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत। डब्ल्यूपी-2025-26. | 05.08.2025 15.08.2025 | 465.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में न्यू एट कोर्ट बिल्डिंग में 01 अदद लिफ्ट 13 व्यक्ति (एल-3) का प्रावधान। | 04.08.2025 14.08.2025 | 14.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में सिविल हस्पताल की विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 04.08.2025 13.08.2025 | 29.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई विभाग रोहतक | विभिन्न टूल्स और अन्य मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 10 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जांट सयारवास ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में पंचायत घर का निर्माण (एचजीवीवाई स्कीम) + 2 कार्य। | 04.08.2025 12.08.2025 | 80.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1274222260 prexeeng.hry@nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव चप्पार, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 04.08.2025 11.08.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | लोहारू जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा | पम्प हाउस नं. 3 लोहारू कैनाल हेतु क्षमता 325 एचपी की 1 अदद इलैक्ट्रिक मोटर की रिवाइंडिंग हेतु कार्य और 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 5.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग, कैथल | मोलिक्यूलर लैब जिला कैथल हेतु डायग्नोस्टिक लैब मदों की खरीद। | 07.08.2025 14.08.2025 | ईएमडी 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2026/260/37409/I/88/6 दि. 06.08.25


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## खबर संक्षेप

### हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद व जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने हमला कर व्यक्ति की हत्या करने के जुर्म में चार दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके इलावा अदालत ने चारों दोषियों को 16-16 हजार रुपये जुर्माने भी लगाया है। गांव शाहपुर निवासी सुनील कुमार ने आठ मार्च 2018 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी गांव के ही सतबीर परिवार से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। सात मार्च शाम सतबीर पक्ष के लोग उनके घर में घुस आए और उसके दादा रामकिशन पर हमला कर दिया। जिसमें उसके दादा को गंभीर चोटें आई। बाद में उसके दादा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर सतबीर, संजय, नरेंद्र, बिरेंद्र के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत मे विचाराधीन था।

### कैब के इंतजार में खड़ी मॉडल से छेड़छाड़, केस

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम के राजीव चौक पर युवक द्वारा कैब का इंतजार कर रही मॉडल को देखकर अशील हरकत करने का मामला सामने आया है। युवक की हरकत पर मॉडल ने नजरअंदाज कर दिया। लेकिन जब उसकी हरकत बढ़ी तो युवती ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।दरअसल, युवती किसी काम से गुरुग्राम से जयपुर गई थी। वह बस द्वारा जयपुर से तीन अगस्त की सुबह दिल्ली-जयपुर हाइवे पर गुरुग्राम के राजीव चौक पर पहुंच गई। इसके बाद वह घर जाने के लिए कैब का इंतजार कर रही थी। इस दौरान उसने एक युवक को उसे देखकर गंदी हरकतें करते हुए देखा।

### फर्जी आईडी बनाकर परिचितों से रुपए मांगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज द्वारा गुडग़ांव कोर्ट में कार्यरत एक अधिवक्ता की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनके जानकारों से रुपए मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडग़ांव के हरिनगर में रहने वाले रोहित यादव ने कहा कि वह गुडग़ांव अदालत में बतौर जूनियर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहा है। किसी ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी आईडी बना ली और उसके परिचितों से रुपए मांग रहा है। यहीं नहीं जालसाज ने आईडी में उसकी फोटो भी इस्तेमाल की है और उसकी छवि को खराब कर रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

# हिमाचल में बारिश से उफान पर घग्घर यमुना का भी जलस्तर घट- बढ़ रहा

■ चांदपुरा में 3150, गुहला चीका में 19096 तो खनौरी में 4150 क्यूसिक बहाव दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिमाचल की शिवालिक की पहाड़ियों में हो रही लगातार बारिश के कारण फतेहाबाद के जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर लगातार बढऩा शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग की बुधवार शाम को घग्घर नदी के गुहला चीका में 19096, खनौरी में 4150 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रहे पानी के जल स्तर से प्रशासन सतर्क हो गया है। बता दें कि बुधवार सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका हेड पर 16016 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 3790 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव था। इससे नदी किनारे बसे लोगों में चिंता बढऩे लगी है।



फतेहाबाद। घग्घर नदी में आया पानी।

### घग्घर की क्षमता 21000 क्यूसेक

मिली जानकारी के अनुसार, घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए स्थानीय किसान और स्थानीय निवासी चिंतित हैं। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं। सिंचाई विभाग ने घग्घर में घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई जा रही है। इस समय रंगोई नाला की क्षमता 6,000 क्यूसेक है। बता दें कि बीते वर्ष रंगोई नाला टूट गया था, जिससे पानी फतेहाबाद के गांवों की ओर आ गया। दरअसल फतेहाबाद के जाखल खंड के शक्करपुरा गांव के पास हुई, जहां नाले में 100 फुट की दरार आ गई। नाले की क्षमता 8500 क्यूसेक है, लेकिन 48 घंटों में इसमें 13000 क्यूसेक से अधिक पानी आ गया था। जिसके कारण नाले में यह दरार आई थी। इससे फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र के गांवों में पानी भर गया था। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ हो इससे पहले भी कई बार इसके टूटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ आ जाती है।

### जून से लगातार बढ़-घट रहा जलस्तर

29 जून को गुहलाचीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक पानी का बहाव था। जबकि चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था। एक जुलाई को गुहलाचीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहलाचीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। इसके बाद घग्घर के जलस्तर में कमी आने लगी थी। अब पहाड़ों में फिर से बरसात व बादल फटने से घग्घर का जलस्तर तेजी से बढऩे लगा है। 6 अगस्त को सुबह गुहला चीका हेड पर 16016 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 3790 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव था जबकि शाम को गुहला चीका में 19096, खनौरी में 4150 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया।

### बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार

टोहाना के एसडीओ संजीव सिंगला ने बताया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने और आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि किसान भी अपने स्तर पर सर्तकता रखें, किसी भी घटना की तुरंत जानकारी दें।



### यमुना नदी के कैचमेंट एरिया में बारिश से बिगड़ रहे हालत

**यमुनानगर।** पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बुधवार तड़के हुई तेज बारिश से दोपहर तक जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। इस दौरान शहर के नीचले इलाकों में कई कई फुट पानी भरने से लोग परेशान रहे। खासकर बच्चों को गलियों में भरे पानी के बीच से गुजर कर स्कूलों में पहुंचना पड़ा। वहीं, यमुना नदी के कैचमेंट एरिया और पहाड़ी इलाकों में बारिश होने से हथनी कुंड बैराज का जलस्तर घट बढ़ रहा है। जिसे लेकर प्रशासन अलर्ट है।

## महिला हेड कांस्टेबल 5000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

■ एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ दबोचा, विभाग ने किया सस्पेंड

करनाल के असंध थाने में तैनात महिला हेड कांस्टेबल नीलम को एक झूठे केस में बचाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पीड़िता मंजीत कौर, निवासी डोल चौक, ने पहले भी नीलम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया था, जो उसने एक राजीनामा कराने के नाम पर लिए थे। बाद में जब मंजीत कौर ने दोबारा शिकायत दी, तो नीलम ने उसे धमकाया कि अगर शिकायत की तो झूठा केस दर्ज कर देगी।

शिकायत वापस लेने के लिए इस बार नीलम ने 5 हजार रुपये की मांग की। मंजीत ने एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क किया। ने पूरी योजना बनाकर बुधवार को कार्रवाई की और महिला कांस्टेबल को 5 हजार रुपये की पाउडर लगे नोटों के साथ थाने के बाहर गिरफ्तार कर लिया। जैसे ही नीलम ने पैसे लिए, टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

एंटी करप्शन ब्यूरो इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत सही पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। अब आरोपी महिला हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है और विभागीय स्तर पर जांच भी शुरू हो गई है।

## अमेरिका में झील में नहाते हुए डूबा जींद का युवक



■ 60 लाख लगाकर डोंकी रूट से गया था यूएस

■ भारत में शव लेने का प्रयास कर रहे परिजन

**उचाना।** गांव घोघड़िया के युवक की अमेरिका में डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए झील पर गया था और लहरों में फंसकर युवक डूब गया। युवक को झील से बाहर निकालने के बाद करीब 25 मिनट तक सीपीआर दी गई लेकिन युवक की जान नहीं बच सकी। मृतक के शव को इंडिया लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। घोघड़िया गांव का 37 वर्षीय संदीप बूरा तीन साल पहले 60 लाख रुपये खर्च कर डोंकी रास्ते अमेरिका गया था। पांच से छह महीने तक संदीप पनामा के जंगलों में रहा। इस दौरान भूखा प्यासा रहा। काफी संघर्ष के बाद संदीप मेक्सिको की दीवार कूदने के बाद अमेरिका की तरफ गया और आर्मी के कैंप में रहा। वहां से बाहर निकल कर फाइल लगवाई। एक साल तक संदीप को अंडरग्राउंड रहना पड़ा। फाइल की प्रोसेसिंग के बाद संदीप ने काम शुरू किया और ट्रक ड्राइवरी के लिए ट्रेनिंग लेने लगा। संदीप से मौत से परिजन शोक में डूबे हुए है।

## नूंह में डिलीवरी के दौरान नवजात का हाथ कटने पर मानवाधिकार आयोग सख्त, रिपोर्ट तलब

■ नूंह सिविल सर्जन को आदेश, 15 दिन के अंदर भेजो रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने मांडीखेड़ा (जिला नूंह) स्थित नागरिक अस्पताल में एक नवजात शिशु के हाथ के प्रसव के दौरान पूरी तरह कट जाने की हृदयविदारक घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। घटना के अनुसान सरजीना (पत्नी शकील) को प्रसव हेतु नागरिक अस्पताल, मांडीखेड़ा में भर्ती किया गया था। आरोप है कि डॉक्टरों की घोर लापरवाही के कारण प्रसव के दौरान नवजात शिशु का हाथ शरीर से पूरी तरह अलग हो गया। यह भी सामने आया है कि जब परिवार ने सवाल उठाए तो अस्पताल स्टाफ ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पीड़ित परिवार को वार्ड से बाहर निकाल दिया। बाद में नवजात शिशु को नल्हड़ अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा और सदस्यों कुलदीप जैन एवं दीप भाटिया को मिलकर बने पूर्ण आयोग ने पाया कि इस घटना को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का घोर उल्लंघन मानते हुए कहा है कि यह मामला सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की गिरती स्थिति और मानवीय संवेदनाओं के अभाव की गंभीर तस्वीर पेश करता है। आयोग ने सिविल सर्जन से 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

### गंभीर चिकित्सा लापरवाही

न्यायमूर्ति ललित बत्रा की अध्यक्षता वाले पूर्ण आयोग ने यह टिप्पणी की कि एक मासूम शिशु का जीवन आरंभ होते ही इस प्रकार की अपूरणीय क्षति, न केवल चिकित्सा लापरवाही का गंभीर उदाहरण है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की जवाबदेही पर भी गहरे प्रश्नचिह्न लगाता है। अस्पताल स्टाफ द्वारा परिवार से दुर्व्यवहार, अपमानजनक भाषा का प्रयोग और उन्हें वार्ड से बाहर निकालना, स्थिति को और भी गंभीर बनाता है।

## पत्नी की सिर फोड़कर हत्या, दीवार पर दो युवकों का नाम लिखा, इन्होंने मेरा घर बर्बाद कर दिया

**रेवाड़ी।** मंगलवार की रात धारूहेड़ा की द्वारकाधीश सोसायटी के पास रह रहे राजस्थान के एक हिंदू युवक ने अपनी 25 वर्षीय मुस्लिम पत्नी की सिर फोड़कर हत्या कर दी। हत्या का कारण पत्नी के चरित्र पर संदेह होना माना जा रहा है। आरोपी दीवार पर एक संदेश लिखकर फरार हो गया। धारूहेड़ा की सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर पुलिस ने हत्या की जांच व आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी। राजस्थान के सिलारपुर शेखपुरा निवासी सुनील उर्फ संदीप ने कुछ साल पहले मुस्लिम युवती वरसीना उर्फ सपना के साथ शादी की थी। दोनों धारूहेड़ा में निर्माणाधीन मकानों की साइट पर मेहनत मजदूरी करते थे। वह किराए के मकान में रह रहे थे। बुधवार सुबह लगभग 9 बजे किसी ने पुलिस को सूचना दी कि वरसीना अपने कमरे में मृत पड़ी हुई थी। सूचना मिलने के बाद धारूहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की हत्या सिर में रॉड या डंडा मारकर की गई थी। उसका शव खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। पति के गायब होने के कारण पुलिस उसकी हत्या का आरोपी पति को ही मानकर चल रही है। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। घटनास्थल से हत्या के साक्ष्य जुटाए गए। डीएसपी भी हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने विभिन्न एंगल से मामले की जांच व महिला के पति की तलाश शुरू कर दी।




### पत्नी के चरित्र पर करता था शक, फरार

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका के पति ने फरार होने से पहले दीवार पर लिखा कि शक्ति और हरिओम ने उसका परिवार बर्बाद कर दिया। दोनों उसे शराब पिलाते थे और उसकी पत्नी को बाथरूम में बंद कर देते थे। उसने यह भी लिखा कि उसकी पत्नी 8 माह की बच्ची को छोड़कर तीन घर से लापता रही। उसके इसी संदेश से पुलिस अनुमान लगा रही है कि सुनील को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिस कारण उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। मामले की हकीकत सुनील के सामने आने के बाद ही उजागर हो सकेगी।

### मूसेवाला की तर्ज पर किया रोहित शौकीन का मर्डर

**गुरुग्राम।** सेक्टर-77 में एसपीआर रोड पर सोमवार की रात को रोहित शौकीन का मर्डर सिद्धू मूसेवाला की तर्ज पर किया गया था। शौकीन को दो बदमाशों ने एक-दो नहीं बल्कि 17 गोलियां मारी थी। दोनों बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर शौकीन का शरीर छलनी कर दिया। फाइनेंसर रोहित शौकीन के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया है। शौकीन के शव का पोस्टमार्टम करने वाले बोर्ड के डॉक्टर दीपक माथुर ने बताया कि शौकीन को गाड़ी के बाहर गोलियां मारी गई। पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि शौकीन पर करीब 40 से ज्यादा राउंड फायर किए गए, जिनमें से 14 गोलियां शरीर के आरपार हो गई जबकि तीन गोलियां शरीर के अंदर मिली। वहीं इस मामले में गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की कई टीमों आरोपियों की तलाश में जुटी है। लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला।पुलिस सूत्रों का कहना है कि रोहित की हत्या के लिए प्रोफेशनल शूटर आए थे।

## सड़क निर्माण अधर में छोड़ने पर ग्रामीण भड़के एसडीओ को बंधक बनाया, वाहन की हवा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

■ चौटाला में सड़क निर्माण में देरी पर नाराजगी

■ ग्रामीण बोले सड़क की मरम्मत नहीं हुई थी तो करेंगे आंदोलन

उपमंडल के गांव चौटाला में सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना दे रहे ग्रामीणों ने बुधवार को पीडल्यूडी विभाग के एसडीओ को बंधक बना लिया और गाड़ी की हवा निकाल दी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य सडक़ का निर्माण अधर में छोड़ दिया गया है, जिस कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लंबे समय से ग्रामीण सडक़ निर्माण की मांग कर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। निर्माण कार्य अधर में लटकने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। सडक़ पर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। बरसाती सीजन के चलते सडक़ पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है। धरनारत ग्रामीणों के बीच पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के एसडीओ पहुंचे तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने एसडीओ की गाड़ी की हवा निकाल दी और एसडीओ को बंधक बना लिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे सडक़ रिपेयर को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं। ग्रामीण राकेश फोगडिया ने बताया कि आज भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए और धरना लगा दिया।



सिरसा। एसडीओ की गाड़ी की हवा निकालते गुस्साए ग्रामीण

### रिपेयर के नाम पर उखाड़ दी सड़क

ग्रामीणों ने कहा कि शासन-प्रशासन जनहित के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और अधिकारी भी मूकदर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह मुख्य सडक़ और विभाग ने रिपेयर के नाम पर सड़क को उखाड़ दिया।साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही सड़क की रिपेयर नहीं करवाई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन सुनवाई नहीं कर रहा।

## हिमाचल के तस्कर सोनीपत से गिरफ्तार, साढ़े चार किलो चरस बेचने आए थे, दोनों कुल्लू के

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ सोनीपत

■ पुलिस ने दबोचा, साथियों की तलाश में जुटी पुलिस

जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 4 किलो 527 ग्राम चरस बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के रहने वाले हैं और नशे की यह खेप सोनीपत व रोहतक के निदाना गांव में सप्लाई की जानी थी। एसीपी अजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम यूनिट कुंडली की टीम सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में जींद-गोहाना रोड पर गांव नूरनखेड़ा के पास मौजूद थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि दो युवक गाड़ी में सवार होकर गांव गंगाना से ईशापुर खेड़ी की ओर चरस की सप्लाई के लिए निकलने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने ईशापुर खेड़ी रोड पर नाकाबंदी की और संदिग्ध गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को घेरकर दोनों युवकों को काबू कर लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर चालक के साथ बैठे युवक की गोद में रखी सफेद-नीली थैली से बत्तीनुमा 4 किलो 527 ग्राम चरस बरामद की गई। पकड़े गए आरोपितो की पहचान हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गांव जलेर निवासी गुलाब और गांव बाड़ीदार निवासी प्रकाश के रूप में हुई है। प्रकाश गाड़ी चला रहा था।



### पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया

इस संबंध में थाना बरोदा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपितो को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह नशा किससे लिया गया था, कहां-कहां सप्लाई की जानी थी और किन लोगों से संपर्क था।

### अंतरराज्यीय गिरोह से संबंधों की होगी जांच

पुलिस को संदेह है कि दोनों आरोपित किसी बड़े अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह से जुड़े हो सकते हैं। रिमांड के दौरान उनके नेटवर्क, अन्य साथियों और खरीदारों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने यह भी बताया कि जिन लोगों को यह चरस सप्लाई की जानी थी, उनकी भी पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### राजधानी में कुत्ते-मानव संघर्ष को कम किया जाए

# कुत्ते इंसानों के अच्छे दोस्त हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि कुत्ते इंसानों के अच्छे दोस्त हैं और उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। साथ ही न्यायालय ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राजधानी में कुत्ते-मानव संघर्ष को कम किया जाए। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों को आवारा कुत्तों के पुनर्वास के संबंध में सिफारिशें देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, ''कुत्ते दुनिया के सबसे प्यारे जानवर हैं और इंसानों के




सबसे अच्छे दोस्त हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कुत्तों की सुरक्षा की जाए और उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।'' यह बताए जाने पर कि लगभग 70 प्रतिशत कुत्तों की नसबंदी से समस्या का समाधान हो जाएगा, न्यायाधीश ने कहा कि प्रस्तावित समाधान पिछले तीन दशकों से जारी था।

#### नसबंदी बिल्कुल भी कारगर नहीं


अदालत ने कहा, ''नसबंदी बिल्कुल भी कारगर नहीं है। यह समाधान नहीं है।'' यह भी अदालत के संज्ञान में लाया गया कि लगभग 200 कुत्ते, जिन्हें पहले एक आश्रय गृह में भेजा गया था, अब सड़क पर छोड़े जाने वाले हैं क्योंकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा उस अस्थायी आश्रय गृह को ध्वस्त किया जाना है। अदालत ने कहा कि दिल्ली के मुख्य सचिव द्वारा आयोजित बैठक में केवल कुत्तों की नसबंदी का प्रस्ताव ही आया था। अदालत ने कहा कि विभिन्न पशु जन्म नियंत्रण केंद्र काम नहीं कर रहे हैं और 78 पशु चिकित्सालय बंद पड़े हैं।

### फारूक अब्दुल्ला ने की अपील

# 'इंडिया' की बैठक में उठाएंगे जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे का मुद्दा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह बृहस्पतिवार को दिल्ली में होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा उठाएंगे। फारूक अब्दुल्ला मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित 42 राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को लिखे गए पत्र के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। पत्र में उमर ने उनसे आग्रह किया था कि वे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए



संसद के मौजूदा सत्र में कानून लाने के लिए केंद्र पर दबाव डालें। अब्दुल्ला ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं कल खुद वहां (दिल्ली) जा रहा हूं। एक कांग्रेस नेता ने सभी विपक्षी नेताओं को बुलाया है। मैं वहां यह मुद्दा उठाऊंगा और उम्मीद करता हूं कि वे पहले भी हमारे साथ खड़े रहे हैं और भविष्य में भी हमारे साथ खड़े रहेंगे।'

### 254 करोड़ रुपये की लागत से 17 किमी रेल लाइन परियोजना

# रींगस से खाटू तक नई रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू : रेल मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि राजस्थान के रींगस से खाटू तक सीधा रेल संपर्क प्रदान करने के लिए 254 करोड़ रुपये की लागत से 17 किलोमीटर लंबी एक नयी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी गई है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम शुरू हो गया है। राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू कस्बे में ही खाटू श्याम का प्रसिद्ध मंदिर है। वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा, ''खाटू श्याम जी के



मंदिर जाने के लिए अभी मुख्य रेलवे स्टेशन रींगस है। वर्तमान में दिल्ली से रींगस के लिए आठ जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन सेवाएं उपलब्ध हैं।'' उन्होंने कहा, ''खाटू तक सीधा रेल संपर्क प्रदान करने के लिए 254 करोड़ रुपये की लागत से रींगस-खाटू श्याम जी (17 किलोमीटर) नयी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी गई है।

#### सीट क्षमता से 100 फीसदी अधिक यात्री

वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ रुपये का परिव्यय आवंटित किया गया है। भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू हो चुका है।'' वैष्णव के अनुसार 2024-25 और 2025-26 (जून 2025 तक) में रींगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच क्रमशः कुल 4.98 लाख और 1.25 लाख लोगों ने आरक्षण कराकर सफर किया। मंत्री ने कहा, ''इसके अलावा, 2024-25 और 2025-26 (जून 2025 तक) की अवधि के दौरान रींगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में सीट क्षमता से 100 प्रतिशत से अधिक लोगों से सफर किया।'

## खबर संक्षेप

### 3 बेटियों का गला रेता खुद की काटी गर्दन

**नमक्कल।** तमिलनाडु के नमक्कल जिले के वेप्पगौंडनपुथुर गांव से एक रौंगटे खड़े कर देने



वाली घटना सामने आई है। एम. गोविंदराज ने 3 नाबालिग बेटियों की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी और फिर खुद अपना गला रेतकर आत्महत्या कर ली। उसने पत्नी और बेटे को अलग कमरे में बंद कर दिया था।

### पूर्व मंत्री स्वामी पर भरे चौराहे पर किया हमला

**कानपुर।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का साथस मोटल चौराहा पर स्वागत हो रहा था। इस दौरान दो



युवकों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद समर्थकों ने दोनों युवकों को पीटा। पुलिस ने पिटाई करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। सीओ सदर अमित सिंह ने कहा पकड़े गए युवकों की अभी पहचान नहीं हुई है।

### एल्विश के खिलाफ ट्रायल की कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ चल



रही सांप के जहर से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस देकर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई तक निचली अदालत में सुनवाई नहीं होगी।

### 'नाली का कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है'

**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने अपने सत्संग में कहा कि



बुरे आचरण करने वालों को उपदेश अच्छे नहीं लगते। नाली का कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है, उसे अमृत कुंड में डालोगे तो अच्छा नहीं लगेगा। आजकल सही रास्ते पर चलना बड़ा कठिन काम है।

### संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक

# चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था, लोकसभा में एसआईआर पर नहीं की जा सकती चर्चा

बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दे सकते।




**मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन, सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के खिलाफ विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। इस पर कई दिनों से हंगामा जारी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और नियम ऐसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते जो अदालत में लंबित हैं।बुधवार को भी बिहार में एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### ऐसे मामलों की नहीं हो सकती संसद में बहस



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा के नियम न्यायालय में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने सदस्यों से प्रमुख विधेयकों के पारित होने के दौरान बहस में भाग लेने का आग्रह किया।

#### सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई

सरपर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट इस मामले पर 12 अगस्त को सुनवाई कर सकता है। कोर्ट ने सर के खिलाफ याचिका दायर करने वाली राजनीतिक पार्टियों से भी 8 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा है। चुनाव आयोग ने मीडिया में एक पोस्ट में बताया कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने 6 अगस्त (सुबह 9 बजे) तक एसआईआर को लेकर कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

#### खरगे बोले

### 'सर' पर संसद में चर्चा चाह रहा विपक्ष, सरकार नकार रही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही 'विशेष गहन



पुनरीक्षण' (एसआईआर) यानी मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि सर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार एसआईआर पर चर्चा से बच रही है, जिससे शक पैदा होता है कि वह जानबूझकर इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रही है।

#### विपक्ष की चिंता

विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में सर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खरगे ने यह भी कहा कि कि अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसेइस पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

#### बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम

### शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से शनिवार तक मांगी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65 लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी



जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है। बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (सर)' शुरू किया था।

#### जो नाम हटाए गए जानकारी दें

जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं। वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की लिस्ट दी गई है,लेकिन जानकीर नहीं है।

#### एडीआर ने की मांग

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि 65 लाख हटाए गए नामों की पूरी सूची प्रकाशित की जाए। हर नाम के साथ यह भी बताया जाए कि उसे क्यों हटाया गया, कारण साफ हो।

#### चुनाव आयोगः अपात्रों को हटा रहे

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने हलफनामा देकर कहा कि हम वोटर लिस्ट को साफ करने का काम कर रहे हैं। हमारा




मकसद है कि अपात्र लोग हटें और केवल सही लोग वोटर लिस्ट में रहें। इसमें मौत की वजह से करीब 22.34 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए करीब 36.28 लाख मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से हटाए घए हैं। वहीं जिन मतदाताओं के नाम दो जगहों पर थे उनकी संख्या करीब 7.01 लाख है।

### *लोकसभा में हंगामे के बीच मर्चेंट शिपिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित*



लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच मर्चेंट शिपिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक भारत के समुद्री कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता, और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पेश किया गया था।

#### विधेयक के प्रमुख प्रावधान

*केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा पेश किए गए इस विधेयक का उद्देश्य 1958 के मर्चेंट शिपिंग अधिनियम में व्यापक बदलाव करना है। इसके मुख्य प्रावधानों में शामिल हैं*

**जहाजों की परिभाषा का विस्तारः** इसमें मोबाइल अपतटीय ड्रिलिंग इकाइयां, पनडुब्बियां और नॉन डिस्प्लेसमेंट क्राफ्ट्स यानी गैर-विस्थापन शिल्प को शामिल किया गया है।

**रिसाइक्लिंग के लिए अस्थायी पंजीकरणः** इसमें गुजरात के अलंग जैसे शिप-ब्रेकिंग केंद्रों में गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

**समुद्री शिक्षा का विनियमनः** इसमें समुद्री प्रशासन महानिदेशक को भारतीय नाविकों के प्रशिक्षण और शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप नियंत्रित करने का अधिकार देता है।

### नया इनकम टैक्स बिल 11 को पेश होने की संभावना




सरकार जल्द ही नया इनकम टैक्सबिल संसद में पेश कर सकती है। यह बिल 11 अगस्त को लोकसभा में टेबल हो सकता है। हालांकि इसमें और संशोधन के लिए इसे सर्दियों के सत्र तक टालने की संभावना भी जताई जा रही है। यह बिल मौजूदा मानसून सत्र के एजेंडे में सूचीबद्ध है।नए इनकम टैक्स बिल का उद्देश्य 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को सरल और आधुनिक बनाना है।

### रविवार को कर्नाटक के दौरे पर मोदी

# तीन नए रूटों पर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में सभी राज्यों में अब वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों का समय बचता है, बल्कि उन्हें अच्छी सुविधाएं भी ट्रेन में मिलती है। अब रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब एक नहीं, बल्कि 3-3 नए रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें 31 अगस्त को लॉन्च होने जा रही हैं। खुद पीएम मोदी इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री जिन 3 नई वंदे भारत



को लॉन्च करने जा रहे हैं, उसमें एक बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत है। इसके अलावा, नागपुर के अजनी से पुणे और अमृतसर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के लिए चलाई जाएगी। पीएम मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर हैं और वहीं से हरी झंडी दिखाएंगे।

### उत्तरकाशी में जलप्रलय के बाद अभियान

# 225 से अधिक जवानों ने संभाला मोर्चा 2 चिनूक, 2 एमआई-17 हेलिकॉप्टर जुटे

**उत्तरकाशी(एजेंसी)।** बादल फटने के बाद धराली गांव और हर्षिल स्थित सेना के कैंप में आए मलबे में दूसरे दिन बुधवार को भी जिंदगियों को तलाशने का अभियान जारी रहा। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीमें लगातार खोज और बचाव कार्य में जुटी रहीं। इस दौरान धराली के एक 32 वर्षीय युवक आकाश पंवार का शव मलबे से बरामद किया गया। हर्षिल में मलबे में फंसे 11 घायल जवानों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से जिला अस्पताल, आईटीबीपी अस्पताल और देहरादून भेजा गया। राहत व बचाव कार्य में 225 से अधिक सैन्यकर्मी, जिनमें पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमें शामिल हैं, खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए ज़मीन पर तैनात हैं। जिला प्रशासन के अनुसार अभी भी मलबे में धराली के 8 स्थानीय युवक, 2 नेपाली मूल के व्यक्ति और सेना के 10 जवान लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, सरसावा और आगरा से 02 चिनूक और 2 एमआई - 17 हेलिकॉप्टर, बुधवार तड़के ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपलब्ध करा दिए।

### यह धर्म एकता और सभी विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है

# हिंदू धर्म विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है, दुनिया को इसकी जरूरत है : भागवत

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, जो



विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है। भागवत ने यहां धर्म जागरण न्यास के नये भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, ''आज सम्पूर्ण विश्व को इसी 'धर्म' की आवश्यकता है। विश्व अपनी विविधताओं को स्वीकार करते हुए जीना नहीं जानता, इसीलिए इतने संघर्ष हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि भारतीयों के लिए 'धर्म' एक परम सत्य है। उन्होंने कहा, ''यह धर्म एकता और सभी विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। हम सभी विविधताओं को स्वीकार करते हैं। हम इसलिए अलग नहीं हैं, क्योंकि हम विविध हैं, यह धर्म यही हमें सिखाता है।'

#### हिंदू प्रकृति का धर्म

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, लेकिन चूंकि हिंदुओं ने इसे सबसे पहले खोजा था, इसलिए इसे हिंदू धर्म कहा जाने लगा। उन्होंने कहा, ''अन्यथा, हिंदू धर्म प्रकृति का धर्म है, एक सार्वभौमिक पंथ है, मानवता का धर्म है। प्रत्येक हृदय को इस धर्म से जागृत होना चाहिए।'' भागवत ने कहा कि धर्म का कर्तव्य केवल ईश्वर के प्रति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होता है।

### अब एनसीईआरटी की 8वीं की किताब से मचा बवाल

# मेवाड़, मराठा साम्राज्य को नक्शे पर गलत दिखाने पर विवाद

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

**इतिहासकारों और राजस्थान के पूर्व राजघरानों के सदस्यों ने जताई नाराजगी**

इतिहास से जुड़े विवाद अक्सर सामने आते रहते हैं। बीते दिनों से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसने न सिर्फ इतिहाकारों में नई बहस छेड़ दी। वहीं इनके चलते राजनीति का पारा भी चढ़ा रहा है। इसी क्रम में अब ताजा मामला एनसीईआरटी की किताब से जुड़ा है। एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में प्रकाशित एक नक्शे ने राजस्थान में नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस नक्शे में राज्य की सभी 19 रियासतों और तीन ठिकानों लावा, कुशलगढ़ और नीमराना को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दर्शाया गया है। इस पर कई इतिहासकारों और राजस्थान के पूर्व राजघरानों के सदस्यों ने आपत्ति जताई है।

#### मेवाड़ राजपरिवार ने दर्ज कराई आपत्ति




मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और नाथद्वारा से भाजपा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, उनकी पत्नी व राजसमंद से सांसद महिमा कुमारी, जैसलमेर और अन्य राजपरिवारों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए इसे ऐतिहासिक तथ्यों के विरुद्ध बताया है। उनका कहना है कि इस तरह का चित्रण छात्रों को भ्रमित करता है और राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को धूमिल करने का प्रयास है। विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान की कई प्रमुख रियासतें विशेषकर मेवाड़, जैसलमेर, बीकानेर आदि मराठा साम्राज्य का हिस्सा कभी नहीं रही हैं। मेवाड़ रियासत ने न केवल मुगलों बल्कि मराठों के हस्तक्षेप का भी डटकर विरोध किया था और अपनी स्वतंत्र पहचान को कायम रखा था।

### विवादित नक्शे और जानकारी की समीक्षा की जाए

पूर्व राजपरिवारों का आरोप है कि इस तरह की प्रस्तुति उनके पूर्वजों के बलिदान और त्याग को नजरअंदाज करती है, जो कि इतिहास के साथ अन्याय है। नाथद्वारा विधायक और मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह ने एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय से मांग की है कि इस विवादित नक्शे और उससे संबंधित जानकारी की समीक्षा की जाए और आवश्यक संशोधन किए जाएं। वही, इतिहासकारों ने भी कहा है कि स्कूली किताबों में इतिहास से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करते समय अत्यधिक सावधानी और प्रमाणिकता जरूरी है, ताकि छात्रों को सही जानकारी मिल सके।

### कांग्रेस सांसद की चेन छीनने वाला गिरफ्तार 26 मामले दर्ज



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सबसे वीवीआईपी एरिया चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन के पास कांग्रेस सांसद आर. सुधा की 30 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनने के आरोप में 24 वर्षीय एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सुधा तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद हैं। वह सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी। इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए थे। इस घटना में सांसद को मामूली चोट आई थी।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में लिपिक संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) की भर्ती**

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**रिक्तियों की संख्या :**
**नियमित: 5180 + बैकलॉग: 403**

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर विज्ञापन क्र. **CRPD/CR/2025-26/06** के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

- **ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025 तक.**

अधिक जानकारी के लिए **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर उपलब्ध है.

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 06.08.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## चिंतन

# संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की रक्षा करे सरकार

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जान-माल पर भारी पड़ रहा है। यह पहली बार नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ में आए जल प्रलय से न लोगों ने, न स्थानीय वासियों ने और न ही सरकारों ने कोई सबक लिया है। केदारनाथ में आई जल प्रलय 2004 की सुनामी के बाद भारत की सबसे भीषण त्रासदी थी। उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र में कभी ग्लेशियर फटता है, कभी बादल फटता है, कभी भारी वर्षा होती है, जिसके चलते प्रलयकारी बाढ़, भूस्खलन आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वर्ष 2019, 2021, 2022 में बड़ी आपदाएं आ चुकी हैं। पर्वतीय इलाकों में आपदाएं अब अधिक तेज और बार-बार हो रही हैं। हमें सोचने की जरूरत है कि हर स्तर पर प्रकृति से खिलवाड़ क्यों जारी है? केदारनाथ, उत्तरकाशी क्षेत्र उत्तराखंड के संवदेनशील हिमालयी क्षेत्र हैं, जो भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद नाजुक और आपदा वाले क्षेत्र माने जाते हैं। मौसम व पर्यावरण विज्ञानियों के मुताबिक, उत्तरकाशी के धराली और आसपास के क्षेत्र 2012 और 2019 में भी प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आए थे। आधुनिक समय में बिना उचित भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के, इन जगहों पर अतिक्रमण हुआ है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि जियोलोजिकल और जियोस्पैशियल तकनीक के माध्यम से ऐसे संवेदनशील स्थानों का सर्वेक्षण करके इन्हें 'लाल निशान' के रूप में चिन्हित करना होगा। पर्यावरणविद् कह रहे हैं कि हिमालयी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। केदारनाथ आपदा के बाद 200 मीटर नदी किनारे निर्माण रोकने का नियम बना, लेकिन उसका भी उल्लंघन किया जाता रहा है। पर्यटन से जुड़ा आर्थिक लालच, वैकल्पिक पुनर्वास की कमी और स्थानीय मजबूरियां लोगों को बार-बार खतरे वाले इलाकों में लौटने पर मजबूर करती हैं। 'जर्नल ऑफ जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' में पिछले महीने प्रकाशित 1970 से 2021 तक के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित एक अध्ययन उत्तराखंड में 2010 के बाद अत्यधिक वर्षा और सतह पर जल प्रवाह की घटनाओं में भारी वृद्धि की पुष्टि करता है। खड़ी ढलानें, कटाव के लिहाज से बेहद संवेदनशील नाजुक संरचनाएं और 'मेन सेंट्रल थ्रस्ट' जैसे 'टेक्टोनिक फॉल्ट' इलाके को अस्थिर बनाते हैं। नवंबर 2023 में 'नेचुरल हजार्ड्स जर्नल' में प्रकाशित एक अध्ययन में उत्तराखंड में 2020 से 2023 के बीच आई आपदाओं से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया, जिससे राज्य में मानसून के महीनों के दौरान 183 घटनाएं घटने की बात सामने आई। इनमें से 34.4 फीसदी घटनाएं भूस्खलन, 26.5 फीसदी आकस्मिक बाढ़ और 14 फीसदी बादल फटने की थीं। मौसमी आपदाओं पर विज्ञान और पर्यावरण केंद्र के एटलस से पता चलता है कि जनवरी 2022 से मार्च 2025 के बीच 13 हिमालयी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 822 दिन चरम मौसमी घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 2,863 लोगों की मौत हुई। प्राकृतिक कारक मानवीय गतिविधियों के कारण और तीव्र हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन से क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे उफनाती हिमनदी झीलों के रूप में नये खतरे पैदा हो रहे हैं। उत्तराखंड में 1,260 से अधिक हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 13 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उच्च जोखिम वाली हिमनद झील और पांच को बेहद खतरनाक हिमनद झील के रूप में वर्गीकृत किया है। आज जब उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश आपदा से जूझ रहे हैं, तो सवाल यह उठता है कि क्या वैज्ञानिकों की ओर से दी गई चेतावनियों और सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा?

## लापरवाही

डॉ. घनश्याम बादल



# धराली में प्राकृतिक आपदा से तबाही का जिम्मेदार कौन

अपने नैसर्गिक एवं नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध उत्तरकाशी गंगोत्री मार्ग पर पर्यटकों का बेहद पसंदीदा हॉल्ट कैंप धराली आज सन्नाटे से घिरा है। वहां पर बसे हुए सत्तर-अस्सी परिवारों में से अधिकांश के घर, दुकानें व होम स्टे तबाह हो गए हैं एवं वहां का बाजार भी खत्म हो गया है। वहां स्थित शिव मंदिर को भी भारी क्षति पहुंचने का अनुमान है। अस्सी गंगा एवं भागीरथी नदियों के तटीय क्षेत्र में बसा हर्षिल घाटी का यह सुंदर गांव पांच अगस्त की दोपहर 1:45 पर अचानक ही भारी चीखों एवं चीत्कारों से गूंज उठा, जब अस्सी गंगा एवं सुक्खी टॉप से भारी मात्रा में मलबा एवं चट्टानें अचानक नीचे की तरफ लुढ़कने लगीं। पहाड़ों पर अक्सर होने वाले क्लाउडबर्स्ट यानी बादल फटने की घटनाओं के बाद इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं लेकिन इतना भयावह दृश्य शायद उत्तरकाशी में 2019 में आए भूकंप के बाद पहली बार देखने को मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केवल 34 सेकंड में ही सब कुछ तबाह हो गया। हर्षिल घाटी में सेना के शिविर के जवान भी अपनी रक्षा इस प्राकृतिक तबाही से नहीं कर पाए और मिली रिपोर्ट के अनुसार 11 जवान अभी तक लापता हैं। सैकड़ो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। यद्यपि वहां पर स्थित सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने हिम्मत करके 130 लोगों को मलबे से बाहर भी निकाल लिया है। एनडीआरफ और एसडीआरएफ तथा तिब्बत पुलिस एवं सेना के जवान लगातार वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन 24 घंटे बाद तक भी सहायता के लिए तैनात एवं भेजी गई टीमें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं क्योंकि धराली, हर्षिल एवं भटवाड़ी जैसी जगहों को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं तथा नदी में भारी मात्रा में गाद एवं कीचड़ समा गया है। मौसम की खराबी के चलते हेलीकॉप्टर से भी पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचाई जा पा रही है। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला पहले से ही अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल रहा है। यहां न केवल 2019 में प्रचंड भूकंप आया था बल्कि बहुत पहले से ही बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। यहां का इतिहास बताता है कि सन् 1750 में भी यहां पर भागीरथी नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बहुत बड़ा बादल विस्फोट हुआ था और तब भी सैकड़ो जानें चली गईं थीं। बीच-बीच में बादल फटने एवं भूस्खलन तथा भारी वर्षा या बर्फबारी की वजह से पारिस्थितिकी का क्षतिग्रस्त होना जारी रहा लेकिन 1978 में यहां पर एक बार फिर से बादल फटने से भारी तबाही मची। कह सकते हैं कि नदियों के इस प्रवाह क्षेत्र पर मनुष्यों ने कब्जा कर लिया और शायद इसी गुस्से में प्रकृति ने अपना इलाका फिर से खाली करा लिया है। यह अजीब संयोग है कि 1978 में भी 5 अगस्त को ही यहां पर ऐसी तबाही मची थी। उसके बाद 2023 एवं 2024 में भी यहां बादल फटने एवं अतिवृष्टि का तांडव देखने को मिला लेकिन न सरकार चेती, न ही वहां बसने वाले लोगों अथवा प्रशासन ने सुरक्षा के अच्छे प्रबंध किए। इसका नतीजा आज सैकड़ों लोगों को अपना जीवन गंवाकर भुगतना पड़ा है। विकास की अंधी दौड़ के सबसे ज्यादा शिकार पहाड़ी क्षेत्र ही हुए हैं। वहां तक सुविधाएं एवं सड़क पहुंचाने के लिए बिना किसी खास भू सर्वेक्षण या विशेषज्ञों की राय लिए पहाड़ों का काटना लंबे समय से चल रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन क्षेत्रों को सुगम बनाने के लिए भी तथा अपनी स्वार्थ पूर्ति या दूसरी वजहों से भी लगातार वनों का कटान जारी रहा है जिसके चलते हुए देवदार या चीड़ अथवा साल के वृक्ष जिनकी जड़ें गहराई तक जाकर मिट्टी को जकड़ लेती थी खत्म होते गए और पहाड़ अंदर से दरदरा और भुरभुरा होता चला गया। इससे भी ज्यादा ख़राब बात यह हुई कि वहां पर लोगों को रोज़गार दिलाने के अवैज्ञानिक तरीके अपनाए गए और पहाड़ों पर बहुमंजिली इमारतों के रूप में सीमेंट एवं लोहे के सरियों का वज़न और बढ़ा दिया गया। रही-सही कमी पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या के चलते हुए प्लास्टिक एवं दूसरे पर्यावरण प्रदूषण ने पूरी कर दी। नतीज़ा एक बार फिर भारी तबाही एवं जान-माल की क्षति के रूप में सामने आया है। बचाव राहत एवं सुरक्षा के उचित कदम समय से नहीं उठाए जाते हैं जिसकी वज़ह से वहां के निवासियों को भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ता है। सवाल केवल धराली, भटवाड़ी या हिमाचल के मंडी, धर्मशाला अथवा दूसरे इलाकों में हुए जान-माल के नुकसान मात्र का नहीं है। असली मुद्दा तो यह है कि यह अवैज्ञानिक तरीके का विकास और सरकारों की लापरवाही या अनदेखी अथवा मानकों के उल्लंघन की प्रवृत्ति कब तक लोगों की जान लेती रहेगी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# टैगोर : वो दीप जो उजाला बन गया




## पुण्यतिथि विशेष

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

रवींद्रनाथ टैगोर न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

रवींद्रनाथ टैगोर का नाम एक ऐसी दीपशिखा है, जो भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक क्षितिज पर युग-युगांतर तक देदीप्यमान रहेगी। वे न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। उनकी पुण्यतिथि, 7 अगस्त 1941, केवल एक तिथि नहीं, वरन एक पावन स्मृति है, उनके विचारों को पुनर्जागृत करने, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके स्वप्नों को मूर्त रूप देने का। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे।

कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में 1861 में जन्मे रवींद्रनाथ एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जहां कला, साहित्य और दर्शन की सुगंध हर सांस में बसी थी। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज के प्रखर विचारक थे, और परिवार का वातावरण विचारों की स्वतंत्रता से सराबोर था। छोटी आयु में ही रवींद्रनाथ ने कविता की रचना शुरू कर दी थी। पारंपरिक स्कूली शिक्षा उन्हें बांध नहीं सकी; उन्होंने विश्व साहित्य, संगीत और प्रकृति के अध्ययन में स्वयं को डुबो दिया। यह स्वतंत्रता उनकी रचनात्मकता का आधार बनी, जिसने उन्हें एक कवि से कहीं अधिक एक दार्शनिक, चित्रकार, शिक्षाविद् और समाज सुधारक बनाया। टैगोर की साहित्यिक यात्रा का सर्वोच्च शिखर था गीतांजलि, वह काव्य संग्रह जिसने उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिलाया। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि यह भारत की बौद्धिक शक्ति का वैश्विक मंच पर उद्घोष था। वे पहले एशियाई थे, जिन्हें यह पुरस्कार मिला, जिसने उपनिवेशवादी मानसिकता को गहरी चुनौती दी। गीतांजलि की कविताएं मानव और ईश्वर के बीच एक आध्यात्मिक संनाद हैं। इनमें भक्ति की गहराई, प्रेम की कोमलता और जीवन की नश्वरता का ऐसा चित्रण है जो हृदय को गहरे तक उद्वेलित करता है। टैगोर ने केवल कविता ही नहीं, बल्कि गोरा, घरे बाइरे, चोखेर बाली जैसे उपन्यासों, काबुलीवाला और डाकघर जैसे नाटकों, और असंख्य कहानियों व निबंधों के माध्यम से भारतीय समाज की जटिलताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया। रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक साहित्यकार नहीं, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिनकी शिक्षा के प्रति दृष्टि आज भी प्रासंगिकता की प्रखर ज्योति है। 1901 में, उन्होंने शांतिनिकेतन में एक प्रयोगात्मक विद्यालय की नींव रखी, जो कालांतर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के रूप में अमर हुआ। यहाँ उन्होंने भारतीय गुरुकुल पद्धति और आधुनिक पश्चिमी शिक्षा का अलौकिक समन्वय रचा। उनका विश्वास था कि शिक्षा का लक्ष्य केवल उपाधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। प्रकृति की गोद में, संगीत, कला और नाट्य के माध्यम से उनकी शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों में सृजनशीलता, संवेदनशीलता और नैतिकता का बीज बोती थी। विश्वभारती आज भी उनकी इस दृष्टि का सजीव प्रतीक है, जो शिक्षा को आत्मा की जागृति का पावन साधन मानता है। उनका राष्ट्रवाद भी उनकी विचारधारा



की भाँति अनन्य था। टैगोर अंधराष्ट्रवाद के प्रखर विरोधी थे, उनका विश्वास था कि सच्चा राष्ट्रप्रेम मानवतावाद की उदात्त प्रेरणा से उपजता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, किंतु हिंसा का सदा विरोध किया। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात, उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि अस्वीकार कर उपनिवेशवाद के विरुद्ध साहसी सांस्कृतिक विद्रोह का परचम लहराया। उनकी रचना "एकला चलो रे" स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का मंत्र बनी, जो साहस और आत्मनिर्भरता का अमर संदेश देती है। टैगोर का दर्शन था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल बाह्य बंधनों से मुक्ति नहीं, अपितु अंतर्मन की जागरूकता और नैतिक साहस से प्राप्त होती है। टैगोर की संगीतमय प्रतिभा उनकी सृजनशीलता का एक अनुपम रत्न थी, जो सौंदर्य और भाव की अनंत गहराइयों में समाया है। उन्होंने लगभग 2,230 गीतों की रचना की, जिन्हें रवींद्र संगीत के रूप में अमरत्व प्राप्त है। इन गीतों में प्रकृति का अलौकिक सौंदर्य, प्रेम की नाजुक संवेदनाएं, भक्ति की गहन तन्मयता और देशप्रेम की प्रचंड ज्वाला समाहित है। भारत का राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला' उनकी कालजयी रचनाएं हैं, जो उनके वैश्विक प्रभाव की सशक्त गवाही देती हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनकी प्रेरणा से ओतप्रोत है। उनके गीत, जैसे 'पूरबोई गगने डोले', प्रकृति और मानव हृदय के बीच एक गहन संनाद रचते हैं। इनकी लय और शब्द आज भी असंख्य हृदयों को आल्हादित और प्रेरित करते हैं। उनकी चित्रकला उनकी बहुआयामी प्रतिभा का एक और अनमोल आयाम थी। जीवन के उत्तरार्ध में, उन्होंने लगभग 3,000 चित्रों का सृजन किया, जिनमें भारतीय लोककला, आदिवासी रेखांकन और प्रतीकात्मकता का अद्भुत समन्वय झलकता है। उनकी कला केवल सौंदर्य का आलंकारिक प्रदर्शन नहीं, अपितु उनके दर्शन और भावनाओं का दृश्यात्मक साकार रूप थी। प्रत्येक रंग और रेखा मानो उनकी कविता का ही सजीव विस्तार हो। उनकी चित्रकारी में मानव मन की जटिलताएं और प्रकृति का रहस्यमयी आकर्षण जीवंत हो उठता है, जो दर्शक को एक गहन चिंतन और सौंदर्यबोध की यात्रा पर ले जाता है। जब 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, तो एक युग का सूर्यास्त हुआ, किंतु उनकी रचनाएं, उनके दर्शन और उनकी शिक्षाएं आज भी सूर्य की भांति प्रखर और जीवंत हैं। उनकी पुण्यतिथि हमें उनके असाधारण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने का पावन अवसर प्रदान करती है। वे हमें सिखाते हैं कि साहित्य केवल शब्दों का आलंकारिक संयोजन नहीं, अपितु आत्मा को प्रज्ज्वलित करने का अलौकिक साधन है। उनकी शिक्षा पद्धति हमें स्मरण कराती है कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मानव को संवेदनशील और जागरूक बनाए। उनकी देशभक्ति हमें यह बोध कराती है कि प्रेम, नैतिकता और मानवता ही सच्चे राष्ट्रवाद की अटल नींव हैं। आज, जब हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों से विलग हो रहे हैं, टैगोर की शिक्षाएं एक दीपस्तंभ की भांति मार्गदर्शन करती हैं। वे हमें प्रकृति से जुड़ने, आत्मनिरीक्षण करने और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है, उनके विचारों को जीवन में उतारने और उनके स्वप्नों को साकार करने का। जैसा कि टैगोर ने स्वयं कहा, "मृत्यु का अर्थ दीपक बुझाना नहीं, बल्कि इसलिए बुझाना है क्योंकि प्रभात का नवीन प्रकाश उदित हो चुका है।" उनका यह प्रकाश आज भी हमारे मध्य देदीप्यमान है, जो हमें सत्य, सौंदर्य और प्रेम के पथ पर अनंत यात्रा के लिए प्रेरित करता है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित

**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं। वास्तव में हमारे अस्तित्व से संबंधित समस्त गतिविधियां सत्य पर केंद्रित होनी चाहिए।

# मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिरोशिमा परमाणु बम के सबक

6 अगस्त 1945 का वो काला दिन जब अमेरिकी वायुसेना ने हिरोशिमा, जोकि जापान में है, पर परमाणु बम जिसे लिटिल बॉय कहा जाता है, गिराकर हजारों लोगों को मौत के नींद सुला दिया था। उसके जख्मों को अभी भी दुनिया नहीं भुला पाई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रुमन उस समय हुए युद्ध के दौरान जापान की युद्ध क्षमता को चौपट करना चाहते थे, इसलिए भी अमेरिका ने परमाणु बम से हिरोशिमा और नागासाकी पर हमले किए थे। इस हमले की कोई भी वजह रही हो, लेकिन ऐसे युद्धों और हमलों को बढ़ावा देना बहुत ही गलत है। यह प्राणी जाति के विनाश के बीज हैं। युद्ध हमेशा हानिकारक ही सिद्ध हुए हैं। मुट्ठीभर सत्ताधारियों की ईगो ने जब भी कोई युद्ध छेड़ा है तो इसमें बेकसूर और निहत्थे लोग ही मारे गए हैं।

*– संजीव भट्ट, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# रूस इंटरनेट सेंसर लगा लोगों को दुनिया से अलग कर रहा

रूस में यूट्यूब वीडियो का डाउनलोड नहीं होना, किसी लोकप्रिय स्वतंत्र मीडिया वेबसाइट पर जाने पर सिर्फ खाली पेज दिखाई देना, मोबाइल फोन का इंटरनेट घंटों या दिनों तक बंद रहना अब सामान्य बात हो गई है। ये सब किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की लोगों को स्वतंत्र जानकारी तक पंहुचने से रोकने की कार्रवाई का नतीजा है। अधिकार समूहों और विशेषज्ञों ने यह आरोप लगाया है। अधिकार समूहों के मुताबिक रूस में ऑनलाइन जानकारी एकत्र करना निराशाजनक, जटिल और यहां तक कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुचारु इंटरनेट तक पहुंच और कई साइट के बाधित होने की वजह इन मंचों को क्रेमलिन के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया बहुआयामी और दीर्घकालिक प्रयास है। अधिकार समूहों के मुताबिक अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कानून बनाए और उन वेबसाइट और मंच पर प्रतिबंध लगा दिया जो उनके निर्देशों का पालन नहीं करते। 'ऑनलाइन ट्रैफिक' की निगरानी और उसमें हेरफेर करने के लिए तकनीक को और भी बेहतर बनाया गया है। हालांकि 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) ऐप्स का उपयोग करके प्रतिबंधों को दरकिनार करना अब भी संभव है।




## ऑफ बीट

# किशोरावस्था में सुने संगीत से भावुक क्यों हो जाते हैं

आपकी स्मृति की अतल गहराइयों में, आपके मस्तिष्क ने आपकी किशोरावस्था के संगीत की एक 'प्लेलिस्ट' बना रखी है। जिंदगी भले ही आगे बढ़ गई हो लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि उस संगीत को सुनकर दिल और दिमाग के तार झनझना उठेंगे। खैर, मस्तिष्क और भावनाओं से जुड़ी किसी भी चीज की तरह, इसके बारे में पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है लेकिन इसका कुछ संबंध विकास से और कुछ हद तक किशोरावस्था के वर्षों में होने वाले प्रमुख तंत्रिका संबंधी बदलावों से हो सकता है। बदलते हार्मोन मस्तिष्क के भावनात्मक केंद्र कहे जाने वाले 'लिम्बिक' सिस्टम' को अत्यधिक सक्रिय कर देते हैं। इससे किशोर भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो जाते हैं और उनमें तीव्र मनोदशा परिवर्तन देखे जा सकते हैं। साथ ही, हम अपने माता-पिता पर कम निर्भर होने लगते हैं। यह बढ़ता स्वावलंबन अपने साथियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की जरूरत को बढ़ा देता है। हमें बहुत जल्दी दूसरों के जज्बातों को समझना सीखना होगा और सुरक्षित या असुरक्षित चीजों की गहरी यादें विकसित करनी होंगी। एक प्रागैतिहासिक किशोर की दुनिया की कल्पना कीजिए। अब वह बच्चा संपूर्ण रूप से माता-पिता पर आश्रित नहीं है।



## ट्रेंड

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि



सौम्यता व सादगी की प्रतिमूर्ति, ओजस्वी वक्ता, पूर्व विदेश मंत्री, 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। राष्ट्र प्रथम के ध्येय और जनसेवा के संकल्प के साथ सुषमा जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा



ईआरएसएस-112 प्रणाली के अंतर्गत नए पीसीआर वाहन अब मंड्रेम, मोपा, वालपोई, कुनकोलिम और कैनाकोना में परिचालन में हैं, जिससे तीव्र प्रतिक्रिया और मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### बचाव कार्य में सहयोग



उत्तरकाशी के धराली में हुई इस भयावह त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं उत्तराखंड में 'आप' के साथियों से अपील करता हूं कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ज़रूरतमंदों की हर संभव मदद करें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### वित्तीय संबंध उजागर



बार-बार की धमकियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पाने का कारण अदाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। एक धमकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है।


- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नेशनल बैंक ओपन : टॉसन ने कीज को हराया, सेमीफाइनल में ओसाका से भिड़ेंगी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

क्लारा टॉसन ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल कर 2025 के अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉसन को पहला सेट जीतने में सिर्फ 27 मिनट लगे। दूसरा सेट टॉसन के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा। इगा स्वियाटेक और मैडिसन कीज पर लगातार जीत के साथ क्लारा टॉसन ने अपने सातवें डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। टॉसन का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।



## ओसाका ने एलिना को हराया सेमीफाइनल में पहुंची

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

## टॉसन वाकई बहुत मजबूत : ओसाका

टॉसन के साथ अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बारे में बात करते हुए, ओसाका ने कहा, वह वाकई बहुत मजबूत हैं। मैंने इस साल ऑकलैंड में उनके साथ खेला था और चोटिल होने के कारण मुझे बीच में ही मैच रोकना पड़ा था। इसलिए, मैं बहुत खुश हूं कि मैं स्वस्थ हूं और मुझे उम्मीद है कि देखने आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक अच्छा मैच होगा। ओसाका और टॉसन का सेमीफाइनल मुकाबला उनके करियर का दूसरा मुकाबला होगा। टॉसन ने इस साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना पहला मैच जीता था। उस मैच में, ओसाका को पहला सेट 6-4 से जीतने के बाद रिटायर होना पड़ा था।



## सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे फ्रिट्ज और शेल्टन

टोरंटो। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी. मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे।

## खबर संक्षेप




### वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टर्ज को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 185 रन बनाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कृष यादव (42 गेंद में 67 रन) के साथ 84 गेंद में 158 रन की साझेदारी कर टीम की जीत तय कर दी। इस साझेदारी को सागर तंवर ने कृष को आउट कर तोड़ा। कृष ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए।

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्सः टूर्नामेंट स्थल पर आग लगने से स्थगित




**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### बुमराह की क्षमता असाधारण और अविश्वसनीय : तेंदुलकर




**मुंबई।** पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था। तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की।

## मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शुभमन, बेन और मुल्डर नामित

# गिल और स्टोक्स फिर आमने-सामने आईसीसी अवार्ड के लिए होगी टक्कर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2–2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान ने सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा।



### कप्तानों की सूची में दूसरे स्थान पर शुभमन

गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ''शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।'' आईसीसी ने कहा, 'उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए, जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।' आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर 'सर्वकालिक महान' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

### मुल्डर ने बनाए नाबाद 367 रन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।' आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।'

## एशिया कप 2025

# टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल शुभमन, सुदर्शन और जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में जगह बनानने की दौड़ में शामिल हैं, जो 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत को सितंबर के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन इसके बावजूद ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल हैं।

एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे सप्ताह में किया जा सकता है। हालांकि गिल और यशस्वी ने व्यस्त शेड्यूल की वजह से पिछले कुछ टी20 सीरीज में भारत के लिए नहीं खेले थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद वो एशिया कप के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।




### सेलेक्टर्स ने खुले रखे विकल्प

बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ने विकल्प खुले रखे हैं। एशिया कप का फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इसके लगभग एक सप्ताह के अंदर ही वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। गौरतलब है कि जायसवाल ने आईपीएल 2025 में 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि अभी पांच हफ्ते का ब्रेक है और कोई क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को भी टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए।

### 21 दिनों तक चलेगा एशिया कप

एशिया कप 21दिनों तक चलेगा और अगर भारत फाइनल खेलता है तो टीम इंडिया को कुल 6 मैच खेलने होंगे और यहां ज्यादा कार्यभार नहीं है, लेकिन जाहिर है कि एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम चुनने की अनुमति दी गई है तो चयनकर्ता विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे। यूएई की पिचों और 6 महिने के बाद होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के ध्यान में रखते हुए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन को टॉप क्रम के लिए आजमाना सही विकल्प होगा। इस वक्त साई सुदर्शन, जिन्होंने साल 2023 के अंत में भारत के लिए वनडे डेब्यू किया था वो टी20 प्रारूप में जबरदस्त लय में हैं तो वहीं जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की उपलब्धता भी काफी अहम होगी। इन दोनों गेंदबाजों के कार्यभार को मैनेज करना काफी अहम होने वाला है क्योंकि एशिया कप के लिए इन खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा लेना है।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# मणिपुर और हिमाचल ने किया क्वालीफाई




एजेंसी ▶▶| दकाकीनाडा (आंध्र प्रदेश)

मणिपुर हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को अपने लीग मैच जीत लिए जबकि हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ से ड्रॉ खेला। डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया। मणिपुर हॉकी ने असम हॉकी को 3-1 से जबकि हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी केरल को 7-0 से हराया। हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी अरुणाचल को 5-0 से शिकस्त दी।

डिवीजन ए लीग मैच में हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते जबकि हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 और हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से मात दी। हॉकी हरियाणा ने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## सब जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप पंजाब और झारखंड की टीम फाइनल में

**चेन्नई।** पंजाब और झारखंड ने अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया, जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक-एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

## अनुराग ठाकुर एक बार फिर बीएफआई चुनावों के लिए अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को जारी निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था। अप्रैल में विश्व मुक्केबाजी ने महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति गठित की थी। फैरुज मोहम्मद की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति के अनुसार ठाकुर का नामांकन 'विश्व मुक्केबाजी द्वारा अनुमोदित बीएफआई के संविधान के अनुच्छेद 20 (तीन) और (सात) का उल्लंघन' है। विश्व मुक्केबाजी द्वारा 18 मई को अनुमोदित संशोधित बीएफआई संविधान के अनुसार अनुच्छेद (तीन) में कहा गया है कि आम परिषद की बैठक में भाग लेने वाला नामित व्यक्ति ''बीएफआई को विधिवत सूचित किए गए और बीएफआई पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होने वाली चुनावी वार्षिक आम बैठक के दौरान राज्य के सदस्य संघ का निर्वाचित सदस्य होगा।'' ठाकुर एचपीबीए के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं और 28 मार्च को होने वाले चुनावों से पहले भी इसी आधार पर उनका नामांकन खारिज किया जा चुका है।

## चार मुक्केबाज अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी के फाइनल में

**बैंकॉक (भाषा)।** भारत के चार मुक्केबाज यहां अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरूषों के 75 किलो वर्ग में 5.0 से हराया। वहीं पुरूषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5 . 0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था। हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए । हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5.0 से हराया। वहीं मयूर को उजबेकिस्तान के ही शाखजोद पोल्वोनोव ने मात दी। अंकुश को कजाखस्तान के संजार अली बेगालियेव ने 5.0 से हराया। भावना शर्मा महिलाओं के 48 किलो वर्ग में हार गई जबकि पार्थवी ग्रेवाल (60 किलो), प्रांजल यादव (65 किलो) और श्रुति (75 किलो) को भी सेमीफाइनल में हारकर कांस्य से संतोष करना पड़ा ।

## एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप

# तीसरे दौर में पहुंचे हरीश और अरुण

**चेन्नई।** हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय सर्फर प्रह्लाद श्रीराम 4.94 के स्कोर के साथ हीट 6 में तीसरे स्थान पर रहे। अब वह रेपेचेज के दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चीन के शिदोंग वू (17.34 अंक) और कोरियाई खिलाड़ी कनोआ हीजा (13.10 अंक) पहले दौर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सर्फर रहे। सीनियर पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं गुरुवार को फिर शुरू होंगी।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : 15वें स्थान पर पहुंचे तेज गेंदबाज

# ओवल टेस्ट में करिश्मा, सिराज ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में 9 विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई।

उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी, जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी।

### बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर




भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

### जायसवाल शीर्ष पांच में लौटे

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

### रूट की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रुक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद पर 111 बनाए थे। गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




### स्वतंत्रता दिवस समारोह के अतिथियों के निमंत्रण कार्ड पर होगा 'ऑपरेशन सिंदूर का लोगो'

# लालकिले पर आजादी की वर्षगांठ के जश्न में छाया रहेगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह 15 अगस्त को लालकिले पर मनाई जाने वाली आजादी की 79वीं वर्षगांठ का जश्न बाकी के सालों की तुलना में काफी अलग होने वाला है। क्योंकि 2025 के शुरुआती महीनों में ही भारत ने दशकों से उसकी जमीन पर आतंकवाद का खूनी खेल खेलने वाले पाक को सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर नामक विशेष अभियान के जरिए चारों खाने चित कर दिया है। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि इस बार 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़े सैन्य पराक्रम की अमिट छाप पड़नी चाहिए। इसी के मद्देनजर जश्न-ए-आजादी के लालकिले पर प्रत्यक्ष रूप से गवाह बनने वाले 4 हजार से अधिक विशेष अतिथियों को दिए जाने वाले निमंत्रण कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का 'लोगो यानी प्रतीक चिन्ह' लगा नजर आएगा। यह जानकारी सूत्रों ने दी है।




### इन 30 श्रेणियों से होंगे विशेष अतिथि

*लाल किले पर समारोह का हिस्सा बनने के लिए 30 श्रेणियों में कुल 4 हजार 852 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्पेशल ओलंपिक-25 का भारत का दस्ता, खेला इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट के विजेता, इंटरनेशनल योग दिवस के वॉलिंटियर और इंस्ट्रक्टर, मेडिसिनल प्लांट्स योजना के तहत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किसान, ओडीएफ प्लस विलेज के बेहतरीन सरपंच, केच द रेन अभियान के शानदार प्रदर्शन करने वाले सरपंच, पीएम युवा योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा लेखक, स्वच्छता कैंपेन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 50 स्वच्छता वर्कर, आंगनबाड़ी कर्मी, हेल्पर, सुपरवाइजर, बाल कल्याण संस्थान और मिशन शक्ति के प्रोजेक्ट अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र के माई गॉव प्लेटफार्म द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न अभियानों के करीब 900 विजेता भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे।*

### सेना के इन अधिकारियों ने तैयार किया लोगो

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) द्वारा किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना और वायुसेना ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को चंद मिनटों में मटियामेट कर दिया था। जिसमें कुल करीब 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसके तुरंत बाद भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर के साथ एक मार्मिक संदेश साझा किया। जो अब ऑपरेशन सिंदूर की एक परिभाषित छवि बन गया है। इस अभियान का लोगो सेना के दो अधिकारियों लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष गुप्ता और हवलदार सुरिंदर सिंह ने डिजाइन किया है। वहीं, दूसरी तरफ केंद्र भी ये साफ कर चुका है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस पर केवल अस्थायी विराम लगा हुआ है। अगर भविष्य में पाकिस्तान ने फिर से कोई आतंकी हमला किया तो उसका उसी अंदाज में माकूल जवाब दिया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ नई सोच के साथ भारत जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ डटा हुआ है।

### सैन्य बैंड परफॉर्म करेंगे

सूत्रों ने कहा कि 15 अगस्त को लालकिले पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य समारोह की शाम सेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षकबल, केंद्रीय अर्धसैन्यबलों और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के बैंड भी बड़े पैमाने पर अपनी परफॉरमेंस देंगे। इस बार सैन्य बैंड्स के यह कार्यक्रम देश के कुल 96 शहरों में 142 जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। 11 और 13 अगस्त को समारोह से जुड़ी हुई फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। 11 अगस्त को ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ लालकिले का दौरा करेंगे और वहां भाग लेने वाले एनसीसी के कैडेटों और माई भारत के वालिंटियर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान करेंगे।

## रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की पहल तेज, ट्रंप के विशेष दूत ने पुतिन से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कायार्लय) ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यहां मुलाकात कर रहे हैं। यह बैठक व्हाइट हाउस द्वारा रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने के लिए दी गई समय सीमा से कुछ दिन पहले हो रही है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि शांति समझौता नहीं करने पर रूस को गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देश भी प्रभावित हो सकते हैं। रूस के लिए ट्रंप की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त होगी। ट्रंप ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर रूस के बढ़ते हमलों पर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की है। ये हमले ऐसे समय में तेज हुए हैं, जब ट्रंप ने हाल के महीनों में पुतिन से नरम रुख अपनाने का आग्रह किया है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की अचानक घोषणा

## उपराष्ट्रपति वेंस को बताया मागा का 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के 6 महीने के अंदर ही उत्तराधिकारी की घोषणा करके हड़कंप मचा दिया है। ट्रंप ने भरोसेमंद साथी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अपना मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) उत्तराधिकारी अभी से घोषित कर दिया दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उपराष्ट्रपति वेंस उनके 'सबसे संभावित' मागा उत्तराधिकारी हैं। ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं।

### परीक्षा पे चर्चा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में शामिल

## पीएम के कार्यक्रम को 21 करोड़ से अधिक लोगों ने टीवी पर देखा

3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली** । पीएम मोदी का बहुचर्चित और छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' ने इतिहास रच दिया है। इस कार्यक्रम अब एक विश्व रिकॉर्ड बन चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह जानकारी दी कि परीक्षा पे चर्चा को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। इस वर्ष के आयोजन में 3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, और 21 करोड़ से अधिक लोगों ने इसे टेलीविजन पर देखा। प्रधान ने कहा कि यह व्यक्तिगत संतोष और गौरव की बात है कि मैंने यह प्रमाणपत्र अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद के साथ स्वीकार किया। 2018 में शुरू हुए कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना, उन्हें आत्मविश्वास देना और शिक्षकों और अभिभावकों को यह समझाना है कि बच्चों को केवल अंक की दौड़ में मत झोंको, बल्कि उनके सपनों में सहभागी बनो।

### कनाडा में लगी श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा



टोरंटो। कनाडा के मिसीसॉगा शहर में प्रभु श्रीराम की 151 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची राम प्रतिमा है।

## जीओसी ने पुंछ में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की



जम्मू (भाषा)। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल पी के मिश्रा ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और दुश्मन के 'नापाक मंसूबों' को नाकाम करने के लिए परिचालन बढ़त पर ध्यान केंद्रित किया। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ ब्रिगेड के अंतर्गत नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे क्षेत्रों के दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल मिश्रा के साथ '25 इन्फैंट्री डिवीजन' के जीओसी मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी भी थे। जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उन्हें (लेफ्टिनेंट जनरल मिश्रा) वर्तमान सुरक्षा स्थिति, खतरे के आकलन और अपने बलों की परिचालन तैयारी के बारे में जानकारी दी गई। उसने कहा कि कोर कमांडर ने सैनिकों के साथ बातचीत की, उभरते खतरों के सामने उनके उच्च मनोबल और परिचालन तत्परता की सराहना की।

## पाक को जवाब देने को 24 घंटे तैयार रहे: सीडीएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बड़ा बयान दिया है। मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी तरह की हिंसक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने ये भी कहा है कि आतंकवादी पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में छिप नहीं सकते हैं। चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के 'पूर्ण-आयामी प्रतिरोध सिद्धांत' को चुनौती देने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की होनी चाहिए। सेना को चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन तैयार रहने की जरूरत है। सीडीएस चौहान ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच बहुत कम अंतर है और ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और शांति एक दूसरे में विलीन हो रहे हैं।

### अनिल चौहान का बड़ा बयान

भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की हो









## नवरोकी ने पोलैंड के राष्ट्रपति पद की शपथ ली



**वॉरसा।** रूढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने बुधवार को पोलैंड के नए राष्ट्रपति की शपथ ली। जून में हुए दूसरे दौर के चुनाव में नवरोकी ने जीत हासिल की थी। ट्रंप समर्थित नवरोकी (42 वर्षीय) इतिहासकार रहे हैं, जिन्हें चुनाव प्रचार से पहले कोई राजनीतिक अनुभव नहीं था। 2015 से 2023 तक पोलैंड पर शासन करने वाली कंजर्वेटिव लॉ एंड जस्टिस पार्टी में शामिल होने से पहले तक वे किसी राजनीतिक दल के सदस्य भी नहीं थे। नवरोकी को गर्भपात और एलजीबीटीक्यू का विरोधी माना जाता है।

### छत्तीसगढ़ में नौ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 24 लाख रुपये के छह इनामी नक्सलियों समेत कुल नौ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में बक्सू ओयाम (27), बुधराम पोटाम (36), हिड़मा ऊर्फ हिरिया (26), मंगू उईका ऊर्फ टोग्गी (38), रोशन कारम ऊर्फ सोनू (24), मंगलों पोड़ियाम (23), कमलू हेमला ऊर्फ कुम्मा (28), बुधराम हेमला (47) और पण्डरू पूनेम (38) शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने 50-50 हजार के चेक प्रदान किए।

## ऊना-हमीरपुर में करीब 37,000 किसान कर रहे प्राकृतिक खेती

भाषा ▶▶ हमीरपुर/ऊना

राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए दी गई सब्सिडी और सुनिश्चित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे प्रोत्साहनों के साथ, ऊना और हमीरपुर जिलों में लगभग 37,000 किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। अधिकारियों ने बताया कि हमीरपुर में 20,000 से ज़्यादा और ऊना में 16,853 किसानों ने प्राकृतिक खेती की ओर रुख किया है। हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि रबी मौसम में जिले में प्राकृतिक खेती से तैयार लगभग 96 क्विंटल गेहूं और नौ क्विंटल हल्दी खरीदी गई है, जबकि पिछले खरीफ मौसम में 53 क्विंटल मक्का खरीदा गया था।

### नई उम्मीद मिली



आत्मा परियोजना, हमीरपुर के परियोजना निदेशक नितिन शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को देसी गायों की खरीद पर 25,000 रुपये की सब्सिडी दी जाती है। इसके अलावा, परियोजना के तहत 5,000 रुपये की परिवहन सब्सिडी और 2,000 रुपये तक का पशु बाजार शुल्क भी प्रदान किया जाता है। ग्राम पंचायत अमलाहड़ की शकुंतला देवी और सुषमा देवी, जिन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाया है, को नई उम्मीद मिली है। शर्मा ने बताया कि इससे न केवल उनकी खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25